

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 296

ग्वालियर, शनिवार 16 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## जिंदगी में पहली बार हुआ ऐसा स्वागत, कभी नहीं भूल पाऊंगी: द्रौपदी मुर्मू

**भोपाल।** समर्थन मांगने भोपाल पहुंचीं एनडीए की राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने कहा भारत के हृदय पावन मध्य प्रदेश ने मुझे जिस तरह का स्वागत दिया, ये भव्य स्वागत मेरी जिन्दगी में पहली बार हुआ है। इसे मैं कभी भी भूल नहीं पाऊंगी। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता को भी नमन करती हूं। मैंने मेरे लिए नहीं, इस देश की जनता को गर्व महसूस कराने के लिए राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने के लिए हां भरी। मुर्मू ने कहा कि मेरे आगे पीछे कोई नहीं है। देश की जनता के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए काम करना है। मैं अपने संवैधानिक दायरे में रहकर सेवा करने को तैयार हूं। मुझे खुशी है कि आज संगठन के अलावा दूसरे दल भी मुझे समर्थन देने के लिए आगे आ रहे हैं। आप सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज आनंद और प्रसन्नता का विषय है। द्रौपदी मुर्मू औपचारिक रूप से




राष्ट्रपति नियुक्त होंगी, जिस तरह से कई दल समर्थन कर रहे हैं। शिवसेना ने समर्थन कर दिया, आंध्रप्रदेश में तो सारे के सारे वोट उन्हीं के पक्ष में जा रहे हैं। बीजेपी ने भी समर्थन किया। एक नहीं कई दल समर्थन लगातार करते जा रहे हैं। शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करता हूं कि पहली बार एक जनजातीय आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति होंगी।

### संघर्षों से भरा जीवन

मुख्यमंत्री ने कहा मुर्मू जी के जीवन की आप गहराई देखेंगे तो संघर्षों से भरा, संयमपूर्ण और दृढ़-संकल्प वाला रहा है। आपकी जानकारी में होगा उनके पति का स्वर्गवास हुआ, जिसके बाद वे टूटी नहीं। उन्होंने हिम्मत रखी, दो बेटे एक्सीडेंट में चले गए उसके बाद भी हिम्मत नहीं हारी। शिक्षक रहते हुए फिर वे भाजपा के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में आईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले वे पार्षद रहीं, पार्षद रहने के बाद फिर वे 2004 में विधायक बनीं, 2009 में फिर विधायक बनीं, बीजेडी और बीजेपी की सरकार में मंत्री रहीं। मंत्री पद पर भी उन्होंने बहुत कुशल प्रशासनिक दक्षता दिखाई, फिर 2015 में झारखंड की गवर्नर बनीं। उन्होंने झारखंड के गवर्नर के नाते राज्य सरकार ने एक विधेयक पारित करवा लिया था ! उस विधेयक में जनजातीय अधिकारों में कुछ परिवर्तन के जमीन वाले मामले थे उसको उन्होंने रोक दिया। मतलब बीजेपी की सरकार थी फिर भी उन्होंने कहा कि जब तक मैं क्लियर ना हो जाऊं कि इससे जनजातीय समाज का कोई अहित नहीं होगा, मैं क्लियर नहीं करूंगी। और उन्होंने उसे नहीं किया। सरकार को वापस भेज दिया। बड़ी दृढ़ संकल्प वाली महिला हैं।

### पूरा देश तो दीदी के साथ खड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल यशवंत सिन्हा यहां आए थे। उनके साथ कांग्रेस के लोगों ने अनर्गल बातें की हैं। इसलिए मैं जिक्र कर रहा हूं। भारतीय जनता पार्टी तो शुद्ध रूप से अपना काम करती है, लेकिन बेचैनी वहां भी है कि वोट न चले जाएं। उसके बाद बात की जा रही थी कि भारतीय जनता पार्टी वाले किसी को प्रलोभन दे रहे हैं, किसी को खरीदने की बात कर रहे हैं अरे यहां तो पहले से ही इतने वोट हैं कि प्रलोभन का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता। पूरा देश तो दीदी के साथ खड़ा हुआ है।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने लांच किया 17ए फ्रिगेट दूनागिरी, कहा यह हमारी आत्मनिर्भर होती नौसेना का प्रतीक

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट दूनागिरी के शुभारंभ समारोह में हिस्सा लिया। इस



अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध चाहता है। श्रीलंका जिस कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है, उससे हम सब वाकिफ हैं। कोविड और यूक्रेनियन संघर्ष के चलते भारत भी प्रभावित रहा है, उसके बाद भी हम श्रीलंका की हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि दूनागिरी, का नाम उत्तराखंड में एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। दूनागिरी पी17ए फ्रिगेट्स का चौथा जहाज है। ये बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार, सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम के साथ पी17 फ्रिगेट्स (शिवालिक क्लास) के फॉलो-ऑन हैं। दूनागिरी पूर्ववर्ती दूनागिरी, लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट का पुनर्जन्म है, जो 05 मई 1977 से 20 अक्टूबर 2010 तक अपनी 33 वर्षों की सेवा में कई चुनौतीपूर्ण संचालन और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों में शामिल रहा था। पी17ए प्रोजेक्ट के पहले दो जहाजों को 2019 और 2020 में एमडीएल और जीआरएसई में लॉन्च किया गया था। तीसरा जहाज (उदयगिरी) इस साल की शुरुआत में 17 मई 22 को एमडीएल में लॉन्च किया गया था। इतने कम समय में चौथे जहाज का लॉच आत्मनिर्भर होती नौसेना की बढ़ती ताकत का प्रमाण है।

## जेपी नड्डा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई है हिमाचल का चुनाव

**नई दिल्ली।** छोटा राज्य होने के बावजूद हिमाचल प्रदेश भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बना हुआ है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह प्रदेश होने की वजह से पार्टी के सामने हर हाल में अपनी सत्ता बरकरार रखने की चुनौती है। वहीं, कांग्रेस भाजपा से सत्ता छीनने के लिए सारे दांव आजमा रही है। सारा दारोमदार सामाजिक समीकरणों पर है और दोनों दल इनको साधने में जुट गए हैं। हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल भाजपा सत्ता में है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के लिए भी यह चुनाव काफी अहम हैं क्योंकि पिछली बार भाजपा ने चुनाव प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में लड़ा था, लेकिन वह चुनाव हार गए, जिसकी वजह से जयराम ठाकुर को कमान सौंपी गई थी। इस बीच हिमाचल प्रदेश के बड़े नेता जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। अब हिमाचल प्रदेश के चुनाव की सारी कमान उनके हाथों में ही रहेगी। राज्य के



सामाजिक समीकरणों में लगभग आधी आबादी सवर्ण जाति की है। उसमें भी राजपूत वर्ग का बाहुल्य है। लगभग 32 फीसद आबादी राजपूत है, जबकि दूसरे नंबर पर दलित समुदाय हैं, जिसकी आबादी 25 फीसद है। इसके बाद ब्राह्मण 18 फीसद व अन्य पिछड़ा वर्ग 14 फीसद है। राज्य में अनुसूचित जनजाति की आबादी लगभग साढ़े पांच फीसद है। विधानसभा में भी राजपूत समुदाय का दबदबा है। सामान्य वर्ग की 48 सीटों में 33 विधायक इसी वर्ग से आते हैं। इनमें भाजपा के 18, कांग्रेस के 12, दो निर्दलीय और एक माकपा विधायक शामिल है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजपूत समुदाय पर दांव लगाए हुए हैं, लेकिन जीत के समीकरण के लिए दलित और ब्राह्मण समुदाय को साधना बहुत जरूरी है। कांग्रेस ने हाल में भाजपा के पूर्व मंत्री खीमी राम शर्मा को अपने पाले में कर लिया। कांग्रेस का दावा है कि जल्द ही भाजपा के कई और नेता उसके साथ आएंगे। भाजपा की दिक्कत यह भी है कि ब्राह्मण समुदाय से आने वाले पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता शांता कुमार के तेवर भी नरम गरम रहते हैं। चूंकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद ब्राह्मण है, इसलिए पार्टी को इस वर्ग का समर्थन मिलने की काफी उम्मीद है। दूसरी तरफ कांग्रेस भी अपनी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के भरोसे है। वह भी राजपूत है। कांग्रेस में भी कई महत्वपूर्ण ब्राह्मण नेता है। दोनों दलों का नेतृत्व राजपूतों के हाथ में होने से ब्राह्मण समुदाय में के सामने किसी एक को समर्थन देने को लेकर ऊहापोह भी है। ऐसे में जिसके साथ कद्दावर ब्राह्मण नेता ज्यादा होंगे, उसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

## महाराष्ट्र से झारखंड तक संकट के आसार कांग्रेस को नुकसान ज्यादा

**मुंबई।** राष्ट्रपति चुनाव में कुछ ही दिन बाकी हैं और नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को दलों से जोरदार समर्थन मिल रहा है। हाल ही में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी मुर्मू का साथ देने का ऐलान किया है। अब मौजूदा सियासी हाल में राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर विपक्ष बनाम एनडीए की जंग में कई गठबंधनों पर चोट लगने के आसार नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक कई प्रमुख दलों की राय अपने सहयोगियों से जुदा है। खास बात है कि अगर समर्थन को लेकर गठबंधनों में दरार पड़ती है, तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की गठबंधन की सरकार है। इसकी अगुवाई जेएमएम कर रही है। खास बात है कि 81 सीटों के झारखंड में 18 सीटें हासिल करने वाली कांग्रेस के 30 सीटों वाली जेएमएम के साथ तनाव की खबरें आती रही हैं। इसकी शुरुआत राज्यसभा चुनाव से कही जा सकती है, जहां कथित तौर पर पार्टी ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की संयुक्त उम्मीदवार को उतारने के अनुरोध




को अनदेखा कर दिया था। पार्टी ने महुआ मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया था। अब राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन को लेकर भी दोनों पार्टियों के बीच खाई बढ़ सकती है। एक और विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के समर्थन में कांग्रेस है। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब मुर्मू के साथ आ गए हैं। सीएम के पिता शिबू सोरेने ने पत्र में लिखा, %आप सभी जानते हैं कि झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार हैं, जो एक आदिवासी महिला भी हैं। आजादी के बाद पहली बार आदिवासी महिला को राष्ट्रपति चुने जाने का सम्मान मिला है।

## खास खबर

### इक्वाडोर के तट पर 5.7 तीव्रता का भूकंप

**क्वीटो।** इक्काडोर के तट पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इस दौरान एक किशोर पर बिजली की तार गिरने से उसकी मौत हो गई। भूकंप का केंद्र ग्वायाकिल बंदरगाह से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में करीब 80 किलोमीटर की गहराई पर था। देश के अधिकतर हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस हुए। हालांकि, पहाड़ी क्षेत्रों में इसका बेहद मामूली असर दिखा। तटीय ग्वायस प्रांत में सिमोन बोलिवर कैंटन के मेयर जॉर्ज वेरा ने बताया कि 16 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। बिजली की एक तार उस पर गिर गई थी। इस संबंध में उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

### गर्व है कि जादवपुर और कलकत्ता विवि को 'एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग में शीर्ष दो में स्थान मिला : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जादवपुर और कलकत्ता विश्वविद्यालय को 'एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2022 में राज्य द्वारा पोषित विश्वविद्यालयों की सूची में शीर्ष दो में स्थान मिलने पर गर्व व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, मुझे गर्व है कि एनआईआरएफ-2022 इंडिया रैंकिंग के अनुसार देश में राज्य द्वारा पोषित विश्वविद्यालयों में जादवपुर विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय को प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कॉलेज में सेंट जेवियर को आठवां स्थान मिला है। अकादमिक समुदाय और छात्रों को शुभकामनाएं। विश्वविद्यालयों की कुल रैंकिंग में जादवपुर को चौथा और कलकत्ता विश्वविद्यालय को आठवां स्थान मिला है। पिछले साल भी कलकत्ता विश्वविद्यालय को चौथा और यादवपुर को आठवां स्थान प्राप्त हुआ था। कलकत्ता विश्वविद्यालय की कुलपति सोनाली चक्रवर्ती बनर्जी ने कहा कि शिक्षकों की निरंतर अकादमिक उत्कृष्टता के कारण यह रैंक हासिल हुई। उन्होंने कहा कि इस रैंक से हमें और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव पार्थ प्रतिम रॉय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

### सुष्मिता सेन ने शादी और सगाई की खबरों का खंडन किया

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने फरारी काट रहे ललित मोदी के साथ शादी और सगाई की खबरों का खंडन किया है। सुष्मिता ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेटियों के फोटो शेयर करते हुए लिखा है, मैं अपने हैप्पी प्लेस में हैं। न तो शादी हुई है और न ही रिंग पहनी है। बिना किसी शर्त वाले प्यार से घिरी हूं। बहुत हो गई सफाई।अब काम और जिंदगी की तरफ वापस लौटते हैं। मेरी खुशियों का हिस्सा बनने के लिए शुक्रिया और जो नहीं बने उनका भी शुक्रिया। वैसे भी इसका आपसे कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह उन्होंने सभी कयासों पर लगाम कसने का काम किया है।

### हैदराबाद की मशहूर बाहुबली थाली 30 मिनिट में खाओ, 1 लाख रुपये का इनाम पाओ

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मशहूर रेस्टोरेंट ने बाहुबली थाली पेश की है। खास बात यह है कि थाली का सारा भोजन 30 मिनट में खा लेने पर 1 लाख रुपये का इनाम मिलेगा है। %नायडु गरि कुंडा बिरयानी रेस्टोरेंट चेन की ओर से पेश थाली में कुल 30 से अधिक आइटम हैं, जिनमें वेज और नॉन-वेज दोनों शामिल है। रेस्टोरेंट की वर्किंग पार्टनर कीर्ति ने कहा, ÷बाहुबली थाली यहां बहुत फेमस है।

## महाराष्ट्र में बाढ़ से 99 लोगों की मौत, लातूर में 12वीं तक के स्कूल शनिवार तक के लिए बंद, देश के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों बारिश और बाढ़ के कारण संकट खड़ा हो गया है। छत्तीसगढ़ से गुजरात और महाराष्ट्र तक भारी बारिश से बुरा हाल है। गुजरात के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। महाराष्ट्र में बाढ़ और बारिश से अब तक 99 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने मध्य भारत के इन राज्यों के साथ साथ आज केरल में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और तेलंगाना, सौराष्ट्र और कच्छ में 17 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है। 18 जुलाई से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं चलेगी और गरज के साथ छीटे पड़ंगे। मौसम विभाग के मुताबिक 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश में बारिश होगी। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली में शुक्रवार को हल्की बारिश के साथ आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, जबकि गुरुवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28।4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ और पूरा दिन गर्मी और उमस से भरा



रहा। मानसून की बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए अच्छी खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक 17 और 18 तारीख को उत्तर प्रदेश में मुसलाधार बारिश होगी। यानी अगले दो से तीन दिनों में यूपी वालों के लिए बारिश का सूखा खत्म होगा। बिहार में मानसून आने के बाद भी अभी तक राज्य में अच्छी बारिश नहीं हुई है। बारिश में भारी कमी की वजह से राज्य के अधिकतर जिलों में सूखे का संकट बना हुआ है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया है कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है। इसके प्रभाव से अगले हफ्ते 19 जुलाई से राज्य के अधिकतर भाग में आंशिक से मध्यम बारिश होगी। महाराष्ट्र में भी भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। अब तक 99 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। मौसम विभाग ने पालघर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं मुंबई में हाईटाइड की चेतावनी जारी की गई है। भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में चट्टान खिसकने जैसी घटनाएं हुई हैं। मौसम विभाग ने नागपुर समेत कई इलाकों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं लातूर में बाढ़ और बारिश के हालात को देखते हुए 12वीं तक के सभी स्कूलों को शनिवार तक के लिए बंद करने का ऐलान कर दिया गया है।

### अब चीनियों को महसूस हुआ ज्यादा साइंटिफिक है तिब्बत का बौद्ध धर्म : दलाई लामा


**नई दिल्ली।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा लद्दाख का दौरा करने वाले हैं। अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था, जिसके बाद दलाई लामा पहली बार लद्दाख जा रहे हैं। लद्दाख जाने से पहले दलाई लामा ने कहा कि चीन में अधिक से अधिक लोग महसूस करने लगे हैं कि वह



'स्वतंत्रता' नहीं, बल्कि तिब्बती बौद्ध संस्कृति की सार्थक स्वायत्तता और संरक्षण की मांग कर रहे हैं। बातचीत के माध्यम से सभी विवादों के समाधान की वकालत करते हुए उन्होंने कहा सभी इंसान समान हैं और उन्हें 'मेरा देश, मेरी विचारधारा' के संकीर्ण दृष्टिकोण से ऊपर उठने की जरूरत है। यही संकीर्ण दृष्टिकोण लोगों के बीच झगड़े का मुख्य कारण है। पिछले दो सालों में हिमाचल प्रदेश के बाहर दलाई लामा का यह पहला दौरा है। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे दलाई लामा के अनुयायियों ने जम्मू में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जम्मू पहुंचने के तुरंत बाद दलाई लामा ने चीन को यह संदेश देने की कोशिश की कि वह तिब्बत की संपूर्ण स्वतंत्रता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि तिब्बती बौद्ध परंपरा के संरक्षण और चीन के भीतर एक महत्वपूर्ण स्वायत्तता चाहते हैं। तिब्बती धर्मगुरु ने कहा कि कुछ चीनी कट्टरपंथी मुझे अलगाववादी और प्रतिक्रियावादी मानते हैं और हमेशा मेरी आलोचना करते हैं।

## पुंछ जिले में जवानों में विवाद के बाद चली गोलियां, दो की मौत, 2 घायल

**पुंछ।** जिला पुंछ के सुरनकोट से एक बड़ी घटना की सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि सुरनकोट में सीमा की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही सेना की एक बटालियन में तैनात जवानों में किसी बात पर विवाद छिड़ गया, जिसके बाद वहां गोलियां भी चली। इस घटना में सेना के दो जवानों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया



गया है। सुरनकोट पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल विवाद के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि यह मामला शुक्रवार सुबह का है। बताया जा रहा है कि टेरिटोरियल बटालियन के इन जवानों की सुबह छह बजे परेड होनी थी। उससे पहले ही किसी मामले को लेकर जवानों में आपसी विवाद छिड़ गया। बात इतनी बढ़ गई कि जवानों में हाथापाई शुरू हो गई। इसी बीच कुछ जवानों ने परेड के लिए दिए गए हथियारों का इस्तेमाल करते हुए एक दूसरे पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें दो जवानों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनते ही बटालियन में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। दूसरे जवान व अधिकारी गोलीबारी की आवाज सुनकर जब विंग में पहुंचे तो कुछ जवान जमीन पर खून में लथपथ गिरे हुए थे। सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने दो को मृत लाया घोषित कर दिया जबकि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी वहां पहुंच गई। जवानों ने इस गोलीकांड की वजह विवाद तो बताया परंतु यह पता नहीं चल पाया है कि विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ। वहीं सेना के किसी भी अधिकारी ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। घायल जवानों की हालत स्थिर होते ही उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

## औरंगाबाद का नाम बदलने का फैसला पलटने पर बोले संजय राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार के औरंगाबाद को संभाजी नगर करने के फैसले को पलट दिया है। इसके अलावा उस्मानाबाद के नाम को बदलने का फैसला भी पलटा गया है। सरकार का कहना है कि उसके लिए



प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था और एक बार फिर से इसे कैबिनेट से पारित कराना होगा। अब नामों को बदलने के फैसले को स्थगित करने पर उद्धव ठाकरे ग्रुप ने एकनाथ शिंदे सरकार पर हमला बोला है। संजय राउत ने तीखा तंज कसते हुए सवालिया अंदाज में कहा कि औरंगजेब आपका रिश्तेदार कैसे बन गया दो दिनों के विदर्भ दौरे पर निकले संजय राउत ने नागपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हिंदुत्व के मुद्दे पर सरकार बनाने वाले लोगों ने ऐसा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाराष्ट्र विरोधी है। इसीलिए औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के फैसले को पलट दिया। नवी मुंबई एयरपोर्ट का नाम बदलने का प्रस्ताव भी स्थगित किया है, जिसे हिंदू नेता डीबी पाटिल के नाम पर रखा गया था। संजय राउत ने कहा कि एकनाथ शिंदे के हाथ में तो कुछ है ही नहीं। सरकार तो देवेंद्र फडणवीस ही चला रहे हैं। संजय राउत ने कहा कि बुलेट ट्रेन जैसे फैसलों को तो समझा जा सकता है, लेकिन यह गलत है। यही नहीं संजय राउत ने कहा कि इस सरकार पर तो सुप्रीम कोर्ट की तलवार लटक रही है। उन्होंने एकनाथ शिंदे गुट की ओर से खुद पर हमला किए जाने का भी जवाब दिया। राउत ने कहा, क्या मैं शिवसेना का मालिक हूं? शिवसेना बालासाहेब ठाकरे की है। बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना के लिए लाखों शिवसैनिक अपनी जान देने को तैयार हैं।

न्यूज़ ट्रैक....

## ओलिम्पिक कोटा हासिल करना चाहते हैं अर्जुन बबूता

**नई दिल्ली** । आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अर्जुन बबूता की नजरें अब ओलंपिक कोटा हासिल करने पर हैं। अर्जुन ओलिम्पिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से प्रेरित हैं। अर्जुन उसी कॉलेज में पढ़े हैं जहां नीरज पढ़ते थे। अर्जुन का कहना है कि नीरज ने खेलों में जो अहम उपलब्धि हासिल की वह उनके जैसे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा की बात है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को हर दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ती है पर नीरज के एतिहासिक प्रदर्शन से मेरे जैसे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली है। जिससे हमारे अंदर पदक जीतने का जुनून बढ़ गया है। विश्व कप में दो स्वर्ण पदक जीतने के कारण अर्जुन को काहिरा में आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिलना तय माना जा रहा है। अर्जुन ने कहा कि अभी उनके जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य पेरिस ओलिम्पिक खेलों में पदक जीतना है। उन्होंने कहा कि मैं 19 साल का था जब मैं 2019 में टोक्यो ओलिम्पिक की क्वालीफाइंग स्पर्धा में विफल रहा था। इसका मुझे दुख हुआ था पर इसके बाद अभ्यास कर मैंने विश्व कप में पदक पक्का किया। अर्जुन ने कहा कि अभी मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करना ओर पेरिस ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाई करना है।

## बीसीसीआई ने नियमों में संशोधन वाली याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई की मांग की

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट से बोर्ड अध्यक्ष और सचिव के कार्यकाल को बढ़ाने की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन वाली याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई की मांग की है। बीसीसीआई ने साल 2019 में अपने संविधान में संशोधन के लिए अदालत में अपीली की थी। इस याचिका में बोर्ड अध्यक्ष , सचिव और अन्य पदाधिकारियों के लिए 'कूलिंग ऑफ' पीरियड से जुड़े नियमों में बदलाव की अनुभति शीर्ष अदालत से मांगी है। इसके साथ ही बीसीसीआई के संविधान में कुछ दूसरे संशोधनों की भी मांग की है। वहीं इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया है कि क्या अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है यह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि बोर्ड अध्यक्ष के तौर पर सौरव गांगुली साल 2019 से ही पद पर हैं और उनका कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है। साल 2020 में कोरोना महामारी के चलते बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं हो पाये थे जिसके कारण गांगुली का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

## साइना सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**सिंगापुर** । भारत की अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने लय हासिल करते हुए सिंगापुर ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। साइना ने विश्व की नौवें नंबर की खिलाड़ी चीन की बिंग जियाओ को 21-19, 11-21, 21-17 से हराकर इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना पिछले कुछ साल से चोट और खराब फॉर्म के कारण बड़े टूर्नामेंटों में सफल नहीं हो पा रहीं थी जिससे उनपर दबाव बढ़ता जा रहा था। पिछले तीन साल में वह केवल पिछले साल ही ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 में सेमीफाइनल तक पहुंची। इसके अलावा वह मलेशिया मास्टर्स और बार्सीलोना स्पेन मास्टर्स 2020 में केवल क्वार्टर फाइनल तक ही पहुंचीं थीं।

# इंग्लैंड ने दूसरा एकदिवसीय जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल की

**लंदन** । इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को 100 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की है। इस मैच में मेजबान टीम इंग्लैंड की जीत में नये गेंदबाज रीस टॉपली की अहम भूमिका रही। बांए हाथ के मध्यम तेज गति के गेंदबाज टॉपली ने 24 रन देकर 6 विकेट लिए। लॉर्ड्स स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने 49 ओवर में 246 रन बनाये। इसके बाद भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 38.5 ओवर में 146 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

इंग्लैंड टीम ने मोईन अली के 47 और डेविड विली के 41 रनों की सहायता से 246 रन बनाये। भारत की ओर से स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मेजबान गेंदबाज टॉपली ने सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। , शिखर धवन भी 9 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव 27 और अनुभवी विराट 16 रन बनाकर आउट हुए। टॉपली ने 9.5 ओवर में केवल 24 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं डेविड विली, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन और मोईन अली को 1-1 विकेट मिला।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शून्य पर ही आउट हो गये। हार्दिक पंड्या को मोईन अली ने अपना शिकार बनाया। हार्दिक ने 29 रन बनाए। वहीं रवींद्र जडेजा भी 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे. मोहम्मद शमी ने 28 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्का लगाते हुए 23 रन का योगदान दिया।




## भारतीय टीम ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया

**लंदन** । भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। भारतीय टीम इस मैच में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम पहले मैच में जीत के साथ ही 1-0 से सीरीज में आगे है। वहीं इंग्लैंड की टीम इस मैच में वापसी करते हुए सीरीज में बने रहने का प्रयास करेगी। इस मैच में पिच से बल्लेबाजों को सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे में बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है।

## पेनल्टी कार्नर के कई विशेषज्ञों से लाभ मिलेगा :संदीप सिंह

**नई दिल्ली** । भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह ने कहा कि टीम में पेनल्टी कार्नर के कई अच्छे विशेषज्ञों के शामिल होने से आगामी टूर्नामेंटों में भारतीय टीम को लाभ होगा। भारतीय टीम को अभी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेना है। जिसमें हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास जैसे ड्रैग फ्लिकर अहम भूमिका निभा सकते हैं , ऐसे में टीम के पास स्वर्ण जीतने का अवसर है। वहीं संजय, अरिजीत सिंह हुंदल और सुदीप चिरमाको जैसे जूनियर खिलाड़ी भी काफी अच्छे ड्रैग फ्लिकर हैं जो अभिष्य में बेहतर भूमिका निभा सकते हैं। संदीप ने कहा कि ड्रैग फ्लिकर बनना आसान नहीं है। इसमें पारंगत होने में काफी समय लगता है। यह काफी तकनीकी चीज है, जहां आपको शारीरिक ताकत के साथ ही हाथों को भी तेजी से चलाना होता है। उन्होंने कहा कि अधिक ड्रैग फ्लिकर होने से टीम को विविधता का लाभ मिलता है। संदीप ने कहा कि मनप्रीत की कप्तानी वाली यह टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत सकती है। संदीप ने कहा कि भारतीय हॉकी पिछले कुछ समम में तेजी के साथ बढ़ी है।

## सुष्मिता और ललित मोदी की शादी की खबरें सुन परिवार भी हैरान

**मुंबई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी और पूर्व मिस यूनीवर्स सुष्मिता सेन की शादी की खबरों से परिवार वाले भी हैरान हैं। ललित मोदी ने गुरुवार को अपने एक ट्वीट में सुष्मिता से शादी की घोषणा की थी। इस घोषणा पर सुष्मिता के भाई राजीव सेन भी हैरान हैं। राजीव का कहना है कि उन्हें इस बारे में नहीं मामूम था। वहीं अभिनेता रणवीर सिंह ने ललित मोदी के पोस्ट पर कमेंट करते हुए दिल और नजर वाला इमोजी बनाया है। इससे साफ हो गया है कि उन्हें यह जोड़ी पसंद है।

राजीव ने कहा , मैं स्वयं इस बारे में समझ नहीं पा रहा हूं। मुझे इस बारे में कुछ भी नहीं पता है। सुष्मिता से बात करने के बाद ही कुछ कह पाऊंगा। वहीं सुष्मिता की भाभी चारू असोपा भी इस रिलेशनशिप को लेकर हैरान हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि मुझे इस पर अभी कोई बात नहीं करनी है।

इससे पहले ललित मोदी ने अपनी और सुष्मिता सेन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ÷एक बेहद व्यस्त वैश्विक दौरे के बाद वापस लंदन लौटा हूं। मैं अपनी प्रेमिका सुष्मिता के साथ एक नए जीवन की शुरुआत करने जा रहा हूं। इसे लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं।÷ ललित मोदी के इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर सुष्मिता के साथ उनकी शादी होने के कयास लगाए जाने लगे थे। गौरतलब है कि आईपीएल में भ्रष्टाचार के मामले में फंसने के बाद से ही ललित मोदी लंदन चले गये थे। उन्होंने भारत में आईपीएल क्रिकेट की शुरुआत की थी।



*ब्रिटेन में महिला यूरो कप फुटबॉल में भाग लेती हुई नीदरलैंड और पुर्तगाल की टीम।*

## गावस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी में अब होंगे पांच टेस्ट

**मुम्बई** । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 विश्व कप से पहले सितंबर-अक्टूबर में एक टी20 और एकदिवसीय सीरीज खेली जा सकती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के इस दौरे में करीब 6 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान 3 टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज हो सकती है। इसके अलावा अगले साल ऑस्ट्रेलिया को 4 मैचों टेस्ट सीरीज खेलने के लिए भारत आना है। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का ही हिस्सा है और दोनों टीमों के लिए अहम भी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली गावस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी में अब 4 की जगह 5 मुकाबले हो सकते हैं। साल 2024 से शुरू होने नए फ्यूचर टूर प्रोग्राम में इसे शामिल किया जाएगा। अभी सीरीज में 4 मैच होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है। इससे एशेज सीरीज की तरह यहां भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

भारतीय टीम जिस प्रकार इंग्लैंड के खिलाफ पिछले कुछ समय से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। उसे अब ऑस्ट्रेलिया के साथ भी शुरू किया जाएगा। टेस्ट का मौजूदा चक्र जून 2023 में खत्म हो रहा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून 2023 में ही होना है। इसके बाद अगले सत्र के लिए आईसीसी नया कार्यक्रम जारी करेगी। इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज को जगह मिल सकती है।

व्यापार न्यूज

## बैंक ऋण 13.29 और जमा 9.77 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई । बैंकों का ऋण एक जुलाई, 2022 को समाप्त पखवो में 13.29 प्रतिशत बकर 123.81 लाख करो रुपए और जमा राशि 9.77 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 169.61 लाख करो रुपए पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अनुसूचित बैंकों के कर्ज और जमा के बारे में गुरुवार को जारी एक जुलाई, 2022 को समाप्त पखवाड़े के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। रिजर्व बैंक के अनुसार दो जून 2021 को समाप्त पखवाड़े में बैंक ऋण 109.28 लाख करोड़ रुपए और जमा राशि 154.51 लाख करोड़ रुपए थी। वहीं 17 जून, 2022 को समाप्त पखवो में बैंकों का ऋण 8.31 प्रतिशत तथा जमा राशि 12.05 प्रतिशत बी थी। वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक ऋण में 8.59 प्रतिशत और जमा में 8.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## चीन की आर्थिक वृद्धि में 0.4 फीसदी की गिरावट

**बीजिंग** । कोरोना वायरस के प्रकोप से लड़ने के लिए शंघाई और अन्य शहरों में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद चीन की आर्थिक वृद्धि साल की पहली तिमाही में 0.4 प्रतिशत तक गिर गई। हालांकि, सरकार ने कहा कि अर्थव्यवस्था में स्थिर सुधार जारी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने शुक्रवार को घोषणा की कि मार्च के आखिर में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पिछली तिमाही के दौरान पहले से ही 1.3 प्रतिशत की कमजोर वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन मई और जून में गतिविधि में सुधार हुआ। संक्रमण रोधी नियंत्रण उपायों से दुनिया के सबसे व्यस्त बंदरगाह शंघाई में जहाजों का परिचालन बाधित हुआ है, जिससे वहां और अन्य प्रमुख शहरों में विनिर्माण बाधित हुआ। अधिकांश आर्थिक पूर्वानुमानकर्ताओं को उम्मीद है कि चीन इस साल सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के 5.5 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को हासिल करने में विफल रहेगा।

## एयरटेल ने गूगल को 7.1 करोड़ शेयर आवंटित किए


नई दिल्ली । दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल को 734 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 7.1 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एयरटेल ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि यह आवंटन गूगल की एयरटेल में एक अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता के तहत किया गया है। इसमें कंपनी में 70 करोड़ डॉलर के इक्विटी निवेश शामिल है। एयरटेल ने कहा कि कंपनी की तरजीही आवंटन पर निदेशकों की विशेष समिति की 14 जुलाई को हुई बैठक में गूगल इंटरनेशनल एलएलसी को पांच रुपए अंकित मूल्य के शेयर 734 रुपए प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर आवंटित करने की मंजूरी दी गई। कुल 7,11,76,839 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी गई।

# रत्न और आभूषण का निर्यात जून महीने में 21 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

**मुंबई** । भारत का रत्न और आभूषण निर्यात जून, 2022 में सालाना आधार पर 21.41 प्रतिशत बढ़कर 25,295.69 करोड़ रुपए (324.38) अरब डॉलर) हो गया। रत्न, आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। उद्योग निकाय के अनुसार, जून 2021 में रत्न और आभूषण का कुल निर्यात 20,835.57 करोड़ रुपए (283.79 अरब डॉलर) था। चालू वित्त वर्ष की बीती तिमाही अप्रैल-जून के दौरान रत्न और आभूषण का निर्यात 14.6 प्रतिशत बढ़कर 77,049.76 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वर्ष 2021 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 67,231.25 करोड़ रुपए था। जीजेईपीसी ने कहा कि पश्चिमी एशिया में रत्न और आभूषण के निर्यात ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के बाद का सकारात्मक प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। उद्योग निकाय ने कहा कि एक मई, 2022 को भारत और यूएई के बीच सीईपीए के बाद यूएई को बिना मिलावट वाले सोने के आभूषणों का निर्यात मई माह में 72 प्रतिशत बढ़कर 1,048.40 करोड़ रुपए और जून में 68.65 प्रतिशत बढ़कर 1,451.58 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। मई और जून, 2021 में यह क्रमश॰ 609.47 करोड़ रुपए और 860.73 करोड़ रुपए रहा था। वहीं इस साल अप्रैल से जून के दौरान यूएई को कुल रत्न और आभूषण का निर्यात 10.09 प्रतिशत बढ़कर 9,802.72 करोड़ रुपए हो गया। इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 8,904.08 करोड़ रुपए था। इसके अलावा कटे और पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात जून, 2022 में 8.45 प्रतिशत बढ़कर 15,737.26 करोड़ रुपए (201.67 अरब डॉलर) हो गया। जून, 2021 में 14,510.48 करोड़ रुपए (197.23 अरब डॉलर) का निर्यात हुआ था. भारतीय सर्राफा बाजार में गुरुवार को दस ग्राम सोना सस्ता होकर 50,314 रुपये का हो गया हैरुपए वहीं एक किलो चांदी की कीम भी कम हो गई और अब यह 56,254 रुपए में बिक रही थी। दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने के दाम 163 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी के साथ 50,314 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 50,477 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# सेंसेक्स 339.81 अंक चढ़ा और निफ्टी 16,000 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के चलते शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ खुले। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स 339.81 अंक चढ़ गया। इससे पहले चार दिन तक शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 339.81 अंक बढ़कर 53,755.96 पर पहुंच गया। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 72.35 अंक चढ़कर 16,011 पर था। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, नेस्ले, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाइटन, मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर विप्रो, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट हुई। पिछले सत्र में गुरुवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 98 अंक गिरकर 53,416.15 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरुआती लाभ गंवाते हुए 28 अंक गिर गया और 15,938.65 अंक पर बंद हुआ था। इस बीच अंतराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 309.06 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे। निवेशकों ने सुबह से ही एचयूएल, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एसबीआई, इंडसंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, इंफोसिस और टेक एम जैसी कंपनियों पर जोर दिया और लगातार खरीदारी से इन कंपनियों के स्टॉक्स टॉप गेनर की सूची में शामिल हो गए। दूसरी ओ एचसीएल टेक्नोलाजी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आयशर मोटर्स, एमएंडएम, हिंडाल्को और टाटा स्टील के स्टॉक्स में बिकवाली दिख रही है। मुनाफावसूली की वजह से इन कंपनियों के स्टॉक्स टॉप लूजर की श्रेणी में आ गए। शुक्रवार के कारोबार में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर भी 0.5 फीसदी का उछाल दिख रहा है। सभी सेक्टर्स हरे निशान पर दिख रहे हैं. सबसे ज्यादा तेजी एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्शन में दिख रही है। सेक्टर 1 फीसदी की उछाल पर कारोबार कररहे हैं, जबकि निफ्टी मेटल के स्टॉक में शुरुआत से ही गिरावट दिख रही है। एंजेल वन के शेयर शुरुआती कारोबार में 1 फीसदी टूट गए।



## अमेरिकी और यूरोपीय बाजार में गिरावट

**मुंबई** । अमेरिका में महंगाई के आंकड़े जारी होने के बाद से बाजार और निवेशकों पर काफी दबाव है। यहां खुदरा महंगाई 9.1 फीसदी के साथ 41 साल के शीर्ष पर पहुंच गई है। साथ ही बैंकों के तिमाही रिजल्ट भी अच्छे नहीं रहे जिससे पिछले सत्र में जमकर बिकवाली हुई और तीनों प्रमुख शेयर बाजार नुकसान पर बंद हुए। डाओ जोंस पर पिछले सत्र में 0.46 फीसदी की गिरावट दिख रही थी तो एसएंडपी 500 0.30 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ। इसी तरह नेस्डेक कम्पोजिट पर भी पिछले सत्र में 0.03 फीसदी गिरावट दिखी। वहीं अमेरिका में आई तेज गिरावट का असर यूरोपीय बाजारों पर भी दिखा और पिछले सत्र में सभी प्रमुख शेयर बाजार टूटकर बंद हुए।

# छोटे खुदरा विक्रेताओं की मदद करना, ओएनडीसी का मकसद: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली** । केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी का पायलट चरण सफल रहने के बाद अब धीरे-धीरे इसका और शहरों तक विस्तार होगा। ओएनडीसी का 5 शहरों में प्रायोगिक चरण चल रहा है और यह सफल रहा है। गोयल से पूछा गया कि क्या उनकी योजना इसका विस्तार अन्य शहरों तक करने की है इस पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, बिलकुल है, उन्होंने कहा, ओएनडीसी का धीरे-धीरे विस्तार होगा। इस तरह हम पता लगाएंगे कि इसका उपयोग करना कितना आसान है, डेटा एकत्रित करने के लिए हमें किस तरह की क्षमता की जरूरत है और पूरी प्रक्रिया का प्रबंधन किस तरह करना है। इस दिशा में काम अभी चल ही रहा है। ओएनडीसी को अप्रैल में 5 शहरों- दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, भोपाल, शिलॉन्ग और कोयंबटूर में शुरू किया गया था. गोयल ने कहा, ''ओएनडीसी डिजिटल कॉमर्स दुनिया का प्रजातंत्रीकरण करना है। टेक्नोलॉजी को भारत के सुदूर कोनों तक पहुंचाने के लिए यह कई स्टार्टअप को जन्म दे सकता है। केंद्र ने एक नई तरह के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है। गत अप्रैल में देश के 5 शहरों में ओएनडीसी का पायलट चरण शुरू किया गया था।ओएनडीसी एक यूपीआई-प्रकार का प्रोटोकॉल है और इस पूरी कवायद का मकसद तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र को दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना, छोटे खुदरा विक्रेताओं की मदद करना और दिग्गज ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं के वर्चस्व को कम करना है।

## जून में घट कर 15.18 फीसदी हुई थोक महंगाई

**नई दिल्ली** । थोक मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई इन्फ्लेशन) जून में घटकर 15.18 प्रतिशत पर आ गई है। थोक महंगाई की दर मई में 15.88 फीसदी थी, जबकि पिछले साल जून में यह 12.07 फीसदी थी। थोक मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति में पिछले तीन महीने में पहली बार गिरावट देखी गई है। बीते तीन महीने से इसमें लगातार बोतरी हो रही थी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2021 से थोक मूल्य पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार दोहरे अंकों में बनी हुई। सरकार द्वारा जारी किए गए आंकों के अनुसार, जून में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति 14.39 प्रतिशत थी। इस दौरान सब्जियों, फलों और आलू की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में तेज वृद्धि देखी गई थी। मई में खाद्य पदार्थों की थोक मूल्य मुद्रास्फीति 12.34 फीसदी थी।




मई में सब्जियों की महंगाई दर 56.75 प्रतिशत थी, जबकि आलू और फलों में यह क्रमश॰ 39.38 और 20.33 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली बास्केट में मुद्रास्फीति 40.38 प्रतिशत थी, जबकि विनिर्मित उत्पादों और तिलहन में यह क्रमशः 9.19 फीसदी और 2.74 फीसदी थी। वहीं, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की मुद्रास्फीति जून में 77.29 फीसदी थी।उधर 12 जुलाई, 2022 को जारी किए गए आंकों के अनुसार फुटकर मुद्रास्फीति जून में 7.01 प्रतिशत पर थी। इसमें मई के मुकाबले मामूली कमी आई है, लेकिन यह लगातार छठे महीने रिजर्व बैंक के कंफर्ट लेवल से ऊपर बनी हुई है। पहले आरबीआइ ने जून तिमाही में मुद्रास्फीति के 7.5 प्रतिशत रहने और सितंबर तिमाही में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। तेजी से बती महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआइ ने पिछले दो महीनों में रेपो रेट में 90 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है।

केंद्रीय बैंक ने 2022-23 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को 100 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।

# महिलाओं को बोलने और कपड़े पहनने के तरीके पर जज किया जाता है : अनुप्रिया



अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सभी से महिलाओं की इज्जत करने की उम्मीद करती हैं। उन्होंने कहा, यह काफी विडंबनापूर्ण है। हम में से कई लोग अभी भी अपने मूल अधिकारों से वंचित हैं और समान अवसर अभी भी एक मिथक है। उन्होंने कहा, मुझे यह परेशान करता है कि महिलाओं को इस बात के आधार पर आंका जाता है कि वे कैसे कपड़े पहनती हैं और किस तरह बोलती हैं। यदि हम समाज की नैतिकता का पालन नहीं करते हैं, तो हमें अलग-अलग मनगढ़ंत नामों से बुलाया जाता है। अभिनेत्री जल्द ही आश्रम 2 में दिखाई देगी और वह कहती है कि अपने काम से वह हमेशा उन मुद्दों को उजागर करने का कोशिश करेगी जो महिलाओं की सुरक्षा और विकास के संबंधित हैं। मैं उन मुद्दों को सामने लाना चाहती हूं जो आज भी महिलाओं को प्रभावित कर रहे हैं। आपराधिक न्याय : बंद दरवाजे के पीछे में मैंने एक वकील की भूमिका निभाई और घरेलू दुर्व्यवहार और हिंसा के मामले उठाए। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन में ऐसे मामलों में देखे गए। घरेलू दुरुपयोग अभी भी बहुत ही बड़ा मुद्दा है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे होता है। अनुप्रिया पहले से ही सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता पैदा करती आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने सोशल मीडिया पर जागरूकता पैदा करना शुरू कर दिया है।

जहां मैं महिलाओं के साथ

## प्रभास की फिल्म में नजर आ सकते हैं विक्की कौशल

साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म आदिपुरुष को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। प्रभास ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। कुछ समय पहले ही फिल्म आदिपुरुष की शूटिंग प्रभास ने डायरेक्टर ओम राउत के साथ शुरू की



है। फिल्म आदिपुरुष में प्रभास भगवान राम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं अभिनेता सैफ अली खान लंकेश के रोल में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। फिल्म आदिपुरुष की कहानी रामायण पर आधारित होगी। यही कारण है कि फिल्म में बाकी किरदारों का चयन भी इसी प्रकार किया जा रहा है। फिल्म राम और लंकेश का रोल फाइनल कर लिया गया है। अब फिल्म में लक्ष्मण के किरदार के लिए किस अभिनेता को साइन किया जाएगा इस पर अभी संदेह बना हुआ है। लेकिन इस वक्त की आठ ताजा खबरों के अनुार ऐसा कहा जा रहा है कि आदिपुरूष में लक्ष्मण के किरदार के लिए बॉलीवुड के अभिनेता विक्की कौशल को चुना गया है। विक्की कौशल बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकारों में से एक हैं। जिनके कंधों पर आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्में है। यही कारण है कि अब मेकर्स आदिपुरुष में विक्की कौशल को लक्ष्मण के किरदार के लिए साइन किया है। यह फिल्म रामायण पर आधारित होगी जिसमें जबरदस्त वीएफएक्स वर्क भी देखने को मिलेगा। विक्की कौशल कई बार कह चुके हैं कि वो अभिनेता प्रभास के फैन हैं। वो बाहुबली की सीरीज को भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसे में अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं। आदिपुरुष के मेकर्स की तरफ से इस को लेकर कोई भी ऐलान नहीं किया गया है।

## नए पोस्टर के साथ चेहरे के ट्रेलर का ऐलान, फिल्म की रिलीज डेट में भी हुआ बदलाव

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेता इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म चेहरे का नया पोस्टर नए रिलीज डेट के साथ सोमवार को जारी किया गया हैं। इसके साथ ही फिल्म के ट्रेलर की भी घोषणा की हैं। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को जारी करने की घोषणा की हैं। इसकी जानकारी फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने सोशल मीडिया पर दी। आनंद पंडित ने ट्विटर पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा-अदालतों में जस्टिस नहीं जजमेंट होता हैं , इन्साफ नहीं फैसला होता हैं।सचेहरे ट्रेलर आ रहा है 18 मार्च को! देखिये चेहरे सिनेमाघरों में 9 अप्रैल को! फिल्म के इस नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन कोट पहने हुए हैं और सिर पर ऊनी कैप और चश्मा लगाए हुए हैं। उनकी लम्बी दाढ़ी में गांठ लगी हुई है।अमिताभ का यह लुक काफी सस्पेंस भरा हैं। फिल्म चेहरे एक मिस्ट्री -थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अमिताभ रिटायर्ड वकील वीर सहाय की भूमिका में हैं।

# अगली फिल्म में दमदार रोल में नजर आएंगे थलापति विजय, मास्टर अभिनेता कर रहे खास तैयारी



साउथ फिल्मों के मशहूर सुपरस्टार अभिनेता थलापति विजय आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मास्टर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। फिल्म मास्टर में थलापति विजय के अलावा विजय सेतुपति भी अहम रोल में नजर आए थे। इन दोनों कलाकारों के अभिनय से दर्शक भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। फिल्म की कहानी को दर्शकों द्वारा पसंद किया गया था। फिल्म ने कई दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई करके कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। अब थलापति विजय के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। वो ये है कि थलापति विजय की अगली फिल्म थलापति 65 है। जिसकी तैयारी मेकर्स ने शुरू कर दी है। अभिनेता विजय का फिल्म थलापति 65 दमदार किरदार दिखाई देने वाला है। थलापति विजय फिल्म की शूटिंग मई के महीने से शुरू करने वाले हैं। अब फिल्म में थलापति विजय के किरदार के बारे में नई जानकारी सामने आई है। अभिनेता इस फिल्म में एक एजेंट के रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के हवाले से आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि, फिल्म में थलापति विजय का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। थलापति विजय फिल्म में एक ऐसे एजेंट का रोल निभाने वाले है जो धोखाधड़ी करने में एक्सपर्ट होता है। फिल्म थलापति 65 में थ्रिलर और एक्शन का तगड़ा लड़का भी देखने को मिलेगा। अभिनेता इन दिनों अपनी इस फिल्म की तैयारी कर रहे है। थलापति विजय के चाहने वालों को उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के लिए अभिनेत्री पूजा हेगड़े का नाम फाइनल कर लिया गया।

# लोग मुझे कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं: अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे कई बार अपने फिगर और एक्टिंग की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी है। लेकिन पहली बार एक्ट्रेस ने उन्हें ट्रोल करने वालों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे सही समय याद नहीं है लेकिन मेरे माता-पिता के साथ मेरी तस्वीरें हुआ करती थीं। उस समय, मैं एक कलाकार नहीं थी। मैं अपने माता-पिता के साथ बाहर जाती थी। जैसा कि मैंने कहा, मैं बहुत पतली थी। लोग कहते थे कि मैं एक लड़के की तरह दिखती हूं, फ्लैट्सस्क्रीन जैसी बातें करते थे।

अनन्या पांडे ने आगे कहा, उस समय यह सब बातें मुझे काफी दुख पहुंचाती थीं। जब



आप अपना आत्मविश्वास बना रहे होते हैं, खुद से प्यार करना सीख रहे होते हैं फिर ऐसे में जब आपको लगता है कि कोई आपको नीचे खींच रहा है, तो आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब मैं धीरे-धीरे ऐसे मुकाम पर पहुंच रही हूं, जहां मैं सिर्फ खुद को स्वीकार करने पर ध्यान दे रही हूं। अनन्या पांडे के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। बता दें कि अनन्या पांडे ने साल 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि अनन्या पांडे की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

## केजीएफ 2 निर्देशक के साथ मिलकर अल्लू अर्जु करने वाले हैं बड़ा धमाका

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और स्टाइलिश अभिनेता अल्लू अर्जुन अपनी फिल्मों और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। वो इस वक्त सबसे चर्चित अभिनेताओं की लिस्ट में आते है। अल्लू अर्जुन की फिल्मों को लोग काफी ज्यादा पसंद करते है। अल्लू अर्जुन की पिछली रिलीज फिल्म अल वैकुंठपुरमलो है। अभिनेता की इस फिल्म ने बॉक्स आफिस पर धमाकेदार कमाई की थी। अभिनेता अल वैकुंठपुरमलो की फिल्म को सिर्फ साउथ भारत में नहीं बल्कि नार्थ इंडिया में भी अच्छी खासी कमाई की थी। अल वैकुंठपुरमलो की सफलता के बाद उनकी चर्चा चारों तरफ होने लगी है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन आने वाले दिनों में फिल्म पुष्पा में नजर आने वाले है। जिसका पोस्टर कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया था। इस फिल्म के पोस्टर का देखकर फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा पैन इंडिया की फिल्म है। जिसको मेकर्स ने हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज करने की उनकी प्लानिंग है। अब अल्लू अर्जुन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस खबर को सुनने के बाद अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं होगा।



# इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज हूं : अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा का कहना है कि इंसानों से ज्यादा उन्हें जानवरों से घिरे रहना पसंद है। अदा आगे कहती हैं कि ये बिल्कुल भी जटिल नहीं होते हैं और इनके साथ भावनाओं को साझा करना आसान रहता है। अदा ने बताया, मैं हमेशा से ही इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज महसूस करती हूं। मुझे पार्टी में जाना या अनजान लोगों के बीच में रहना पसंद नहीं है। लेकिन इसी जगह मुझे किसी जंगल में छोड़ आइए, मुझे घर जैसा महसूस होगा। जानवर जटिल नहीं होते हैं और इनसे घुलना-मिलना भी आसान होता है। वे क्षण में अपनी जिंदगी को जीते हैं। अदा ने हाल ही में एक घायल पंछी को रेस्क्यू कर उसे ट्विटर का नाम दिया। हैदराबाद के पास स्थित एक जंगल के पेड़ में से गिरकर यह पक्षी चोटिल हो गई थी। अदा यहां अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही थीं और इसी दौरान उन्होंने इसे बचाया। अभिनय की बात करें, तो अदा हाल ही में अभिनेत्री अनुप्रिया गोएनका संग शॉर्ट फिल्म चूहा बिल्ली में नजर आईं।

# सेब खाने से पहले जरूर बरतें यह सावधानी, हो सकता है जानलेवा



कहा जाता है कि जो रोज एक सेब खाता है उसके घर कभी डॉक्टर नहीं आता। डॉक्टर भी कहते हैं कि सेब जरूर खाना चाहिए। बुखार के बाद आई कमजोरी को दूर करने के लिए भी सेब ही खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन इस फल को लेकर एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि सेब खाने से पहले उसके बीज को सावधानी जरूर हटा देना चाहिए क्योंकि यह पेट के अंदर जाते ही जहरीला हो जाता है और इससे जान जा सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बीज में अमिगडलिन नाम का एक तत्व होता है जो पेट के अंदर पाए जाने वाले एंन्जाइम के संपर्क में आते ही सायनाइड बनाने लगता है। हालांकि जरूरी नहीं है कि ऐसा हो। लेकिन अगर कभी साइनाइड बन जाता है तो यह इंसान की बीमार बना सकता है यहां तक कि उसकी मौत हो सकती है। आपको बता दें कि सायनाइड अब तक सबसे घातक जहर माना जाता है। पोटेशियम सायनाइड का तो आज तक कोई स्वाद ही नहीं बता पाया है। कई फलों के बीजों में अमिगडलिन पाया जाता है हालांकि इसके जानलेवा बनने के आशंका कम रहती है। फिर भी हमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अब आप कभी भी सेब या ऐसा कोई फल जिसमें छोटे-छोटे बीज पाए जाते हैं तो उनको ठीक से जरूर हटा लें।



## रिसर्च के अनुसार इस उम्र के बाद जींस पहनना हो सकता है खतरनाक

पार्टी, आउटिंग हो या यूं कही जाने से पहले अगर हम कुछ पहनने का सोच रहे हैं तो दिमाग में सबसे पहले आता है जींस। जींस को लेकर अक्सर यह बात कही जाती है यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपके फैशन में कोई कमी नहीं आती है। जींस को लेकर आप ऐसी बात सुनेंगे तो आपका दिल जरूर बैठ जाएगा कि एक उम्र के बाद आपको जींस पहनना छोड़ देना चाहिए। दरअसल ब्रिटेन में हुए एक रिसर्च में ये बात सामने आई है कि 53 साल की उम्र तक पहुंचने के बाद आपको जींस पहनने का मोह त्याग देना चाहिए। ये रिसर्च कलेक्टप्लस कुरियर सर्विस ने की है। इस रिसर्च के मुताबिक इस उम्र के बाद आपको अपने लिए परफेक्ट जींस चुनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अगर आपको जींस मिल भी गई तो आपको उसके लिए ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि इस रिसर्च की बात वोग मैग्जीन की एडिटर केली कोनर सिरे से खारिज करती हैं। उनका कहना है जब तक आप जींस पहनने में खुद को कंफर्टेबल महसूस करते हैं जब तक आप जींस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कालेधन पर ठोस प्रहार

कर के लिहाज से जन्नत माने जाने वाले देशों में कालाधन जमा करने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। हालांकि कालेधन पर काबू पाने दुनिया भर में वैश्विक वित्तीय संगठन और सरकारें काम भी कम रही है, कड़े कानून बनाए जा रहे हैं, इस मुद्दे पर सहयोग के लिए देशों के बीच करार हो रहे हैं, पर समस्या कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों समूह-20 देशों के शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच न्यूनतम वैश्विक कारपोरेट कर 15 फीसद किए जाने की सहमति कर वंचना के लिए अनुकूल देशों में कालेधन के बढने़ पर लगाम लगाने का महत्वपूर्ण उपाय बन सकती है। सभी देशों में कर की न्यूनतम दर एक समान तय हो जाने से बहुराष्ट्रीय कंपनियां एक देश को छोड़ कर कम या शून्य कर दर वाले देशों में कारोबार और आमदनी को नहीं ले जा पाएगी। इससे काले धन पर बड़ा नियंत्रण हो सकेगा। पिछले साल अक्टूबर में दुनिया में कालेधन के खुलासे का सबसे बड़ा मामला पेंडोरा पेपर्स लीक के रूप में सामने आया। इसमें दुनिया भर के रसूखदार लोगों के वित्तीय लेन-देन को लेकर बड़े खुलासे हुए। इंटरनेशनल कंसोर्टियम आफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्टस (आइसीआइजे) ने गहरी छानबीन के बाद पैंडोरा पेपर्स रिपोर्ट तैयार की थी। यह रिपोर्ट एक करोड़ बीस लाख दस्तावेजों की पड़ताल है, जिसे 117 देशों के 600 खोजी पत्रकारों की मदद से बनाया गया है। इस पड़ताल में पाया गया कि भारत सहित दुनियाभर के दो सौ से ज्यादा देशों के बड़े नेताओं, धन कुबेरों और मशहूर हास्तियों ने धन बचाने और अपने कालेधन के गोपनीय निवेश के लिए किस तरह ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, सेशल्स, हांगकांग और बेलीज आदि में पैसा रखा है। इस रिपोर्ट में तीन सौ से अधिक भारतीयों के नाम भी शामिल हैं। ऐसे में पैंडोरा पेपर्स के संबंध में मल्टी एजेंसी ग्रुप ने अपनी सतत बैठकें आयोजित करके जांच शुरू कर दी है। इस बहु-एजंसी समूह में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख की अध्यक्षता में प्रवर्तन निदेशालय, रिजर्व बैंक और वित्तीय खुफिया इकाई के अधिकारी शामिल हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में पैराडाइज पेपर्स के तहत एक करोड़ 34 लाख से अधिक गोपनीय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के माध्यम से ने 70 लाख ऋण समझौते, वित्तीय विवरण, ई-मेल और ट्रस्ट डीड उजागर किए गए थे। इनमें 714 भारतीयों के नाम भी उजागर हुए थे। इसके पहले वर्ष 2016 में पनामा पेपर्स के तहत एक करोड़ पंद्रह लाख संवेदनशील वित्तीय दस्तावेज सामने आए थे, जिनमें वैश्विक कारपोरेटों के धनशोधन संबंधी रिकार्ड थे। तब पांच सौ भारतीयों के नामों का खुलासा हुआ था। भारत में कालेधन को लेकर बहस दशकों पुरानी है। विदेशी बैंकों में भारतीयों के कालेधन से संबंधित अधिकृत आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन अर्थइ विशेषज्ञों का मानना है कि यह करीब 73 लाख करोड़ रुपए हो सकता है। स्विस नेशनल बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 तक स्विस बैंकों में भारतीय नागरिकों और कंपनियों का जमा धन बीस हजार सात सौ करोड़ रुपए से अधिक था। नेशनल काउंसिल आफ अप्लाइड इकोनोमिक रिसर्च के मुताबिक 1980 से 2010 के बीच भारत के बाहर जमा होने वाला काला धन 384 अरब डालर से लेकर 490 अरब डालर के बीच था। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में भी कालेधन से निपटने के लिए अब से पहले आय घोषमा योजना, स्वैच्छिक घोषणा योजना, कर दर कम करने, 1991 के बाद व्यापार पर नियंत्रण हटाने, कर कानूनों में बदलाव जैसे कई कदम उठाए गए।

# हरियाणा के राज्यपाल के रूप में एक वर्ष का सफल सफर



हरियाणा प्रदेश के बारे में सुना था देशोस्ति हरणाख्य:, पृथ्व्यिां स्वर्गसन्निभः यानि हरियाणा धरती पर एक ऐसा देश (राज्य) है जो स्वर्ग के समान है। जब मैंने हिमाचल प्रदेश से 15 जुलाई 2021 को हरियाणा के 18वें राज्यपाल के रूप में पद ग्रहण किया तो कुछ दिनों के बाद ही महसूस होने लगा कि वास्तव में हरियाणा प्रदेश स्वर्ग के समान है। यहां की सभ्यता, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर जहां सिन्धु घाटी की सभ्यता को बयां करती है वहीं कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए गीता के उपदेश की गवाह रही है।

समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ हरियाणा भौगोलिक दृष्टि से अपनी पहचान कायम किए हुए है। आज मुझे राज्य में राज्यपाल का पदभार संभाले एक वर्ष हो चुका है। लगभग दो वर्षो तक हिमाचल प्रदेश की देव भूमि में राज्यपाल के रूप में लोगों की सेवा करने के बाद वीर भूमि हरियाणा में सेवा करने का मौका मिला जहां एक वर्ष में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सभी वर्गों के लोगों से मिला और एक मुख्य बात जो मेरे जहन में हर दिन ताजा रहती है वो यह है कि यहां के लोग 'सादा जीवन उच्च विचार' में विश्वास रखने वाले हैं। भौतिकवाद के चलते आज भी हरियाणा निवासी इसी सिद्धान्त को अपनाए हुए हैं। यही शैली और व्यवहार हरियाणा की एक अलग पहचान है।

भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा की सीमाएं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तीन ओर से सटी हुई हैं, लेकिन प्रदेश में लोग अभी भी अपनी ग्रामीण विरासत को बनाए हुए हैं। यहां के लोग अब पूरी तरह प्रोफैशनल तो हो गए है लेकिन पूरी तरह व्यवहारिक हैं। बेबाकी और स्पष्टता के धनी लोगों की एक अपनी पहचान है, जिससे अन्य राज्यों के लोग इन्हें सीधे-साधे समझते हैं। 1966 में पंजाब से अलग होने बाद अपने 56 साल के सफर में प्रदेश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। सैन्य, खेल, कृषि व ऑटो उत्पादन के क्षेत्र में तो बड़े बड़े राज्यों को पछाड़ कर अग्रिम स्थान बनाया है। इसका श्रेय यहां कि सरकार, राजनितिक व जनता में साम्प्रदायिक सद्भाव को जाता है। सभी राजनितिक दल दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हरियाणा के विकास और हितों की बात करते है। विधान सभा व जनसभा में बहस भी प्रदेश के हित में होती हैं। यहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी साम्प्रदायिक सोहार्द के साथ प्रदेश के विकास में एक मिसाल कायम की है।

खेल और सैन्य क्षेत्र तो आज प्रदेश के पर्याय बन चुके हैं। खेलों में ऑलम्पिक, एशियाड, राष्ट्रमंडल हो या राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट हो यहां के युवाओं ने देश की झोली को पदकों से भरा है। सैन्य क्षेत्र में हर दसवां जवान हरियाणा से हैं इसलिए यह प्रदेश वीर भूमि के रूप में पहचाना जाता है।

देश में आज आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। हरियाणा में भी इन महोत्सवों के दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुला राम, पंडित नेकी राम शर्मा व अन्य सेनानियों को गरिवापूर्ण तरीके से याद किया जा रहा है। मैंने स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्थानों अम्बाला, पानीपत, कुरुक्षेत्र, नूंह, पलवल, जींद, हिसार, सिरसा व विभिन्न स्थानों का दौरा किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेकर मैंने पाया कि यहां के लोगों में देश प्रेम व राष्ट्र भक्ति का जज्बा हर भारतीय के लिए एक नजीर है।

हरियाणा आज भी अपनी कृषि विरासत को सहेजे हुए है जिस कारण कृषि उत्पादन में हरियाणा अग्रणी है। हरियाणा में एक कहावत मशहूर है कि देसां मैं देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणां। आज प्रदेश दूध के उत्पादन में देश का दूसरा राज्य है। प्रदेश के लोगों ने विभिन्न विकसित तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक खेती पर ध्यान आकर्षित किया, जिससे गुणवत्ता का फसल उत्पादन कर निर्यात किया जा रहा है।

मैंने पिछले एक वर्ष में प्रदेश के लगभग सभी जिलों में दौरा कर सामाजिक कार्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह व अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लिया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हर वर्ग के लोगों से मिलने का अवसर मिला और लोगों के रहन-सहन व सुविधाओं तथा समस्याओं के बारे में जाना। विश्वविद्यालयों में विश्व स्तरीय शैक्षणिक व्यवस्था स्थापित हो चुकी है। विश्वविद्यालयों ने एनईपी-2020 की शुरूआत कर दी है।

पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में मैंने मुख्यमंत्री के साथ कई बैठकें की हैं, जिससे हर मामले में बेहतर समन्वय कायम हुआ है। यहां तक कि एक बार एक मामले में सरकार अध्यादेश लाना चाहती थी लेकिन मेरे सुझाव देने पर इसी मामले पर विधान सभा में बिल पेश किया गया, जिससे विधायी मामलों में तालमेल स्थापित हुआ है। सभी मंत्रियों व राजनीतिक दलों के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अधिकारियों व पत्रकारों के साथ बातचीत की और प्रदेश के हित में सुझाव सामने आए जिससे मुझे धरातल की समस्याओं का पता चला और समय-समय पर सरकार के ध्यान में लाने का काम किया।

राजभवन के अन्तर्गत कार्य कर रही संस्थाओं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा, सैंट जान एम्बूलैंस, वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण जैसी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा कर और कार्य में और गति लाने का प्रयास किया। इसमें मुख्यमंत्री हरियाणा का सहयोग भी बेहद रचनात्मक रहा है। वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण संस्था के तीन बच्चों व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया। कोविड-19 के दौरान किए गए कार्यों के लिए सरहनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया।

हरियाणा की संस्कृति पर गीता के साथ-साथ सिक्ख गुरूओं का भी प्रभाव रहा है। यह प्रभाव ही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को महान बनाता है। कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर गीता प्रचार के कार्यक्रम को गति देने का कार्य किया। मैंने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को जानने के लिए सरस्वती उद्गम स्थल आदि बद्री का दौरा किया। इसके साथ पर्यावरण और आद्र भूमि के संरक्षण के लिए सुलतानपुर झील का दौरा कर लोगों से सुझाव मागें। पिछले एक वर्ष में राजभवन में हरियाणा की संस्कृति, सभ्यता व विभिन्न गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से तीज उत्सव, होली मिलन समारोह, हरियाणा दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व विजय दिवस का आयोजन किया गया, जो प्रदेश के लोगों को हरियाणा से रू-ब-रू करवाने का एक सार्थक प्रयास रहा है। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में विकास की बढ़ती गति को मद्देनजर देखते हुए इस वर्ष के लिए पौने दो लाख करोड़ से भी अधिक की राशि का प्रावधान किया है जो प्रदेश में प्रगति को नए आयाम देगा। इस प्रकार से राज्यपाल के रूप में मेरा एक वर्ष का कार्यकाल बहुत ही सुखद अनुभव लिए हुए रहा है।

## पूरे देश में पीने के पानी में उच्च स्तर के जहरीले रसायन पाए गए

अरविन्द प्रेमचंद जैन



जगत की संरचना में पंच महाभूत से बना हैं --पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश .इस समय पंच महाभूत दूषित हो रहे हैं, पृथ्वी पर दिन रत उत्खनन, जंगलों की कटाई से दिन रात दोहन से जलवायु प्रदूषित हो चूका हैं, इसी प्रकार जल का स्तर निरंतर गिरता जा रहा हैं, नदियों में, तालाबों में घरों की गन्दगी, कारखानों का प्रदुषण से हमारे जल स्त्रोत पूर्णतः दूषित होने से हमें प्रदूषित, जहरीला पानी पीने के लिए मजबूर हैं जिससे हम नित्य संक्रमित पानी पीने के लिए बाध्य होते जा रहे हैं

देश भर से एकत्र किए गए पीने के पानी के नमूनों में एक जहरीले रसायन के उच्च स्तर का पता चला है, जिसके संपर्क में आने से अंतःस्त्रावी, प्रजनन और प्रतिरक्षा प्रणाली बाधित हो सकती है।

एक अध्ययन के अनुसार जहरीला रसायन निर्धारित सीमा से 29 से 81 गुना अधिक पाया गया है।

दिल्ली स्थित एनजीओ टॉक्सिक्स लिंक ने एक में कहा कि शोध में पूरे भारत से एकत्र किए गए पेयजल के नमूनों में %नोनीलफेनोल% के 29.1 से 80.5 पीपीबी (पार्ट्स प्रति बिलियन) पाए गए हैं, जो कि कीटनाशकों और चिकनाई वाले तेल एडिटिव्स में एक सूत्र के रूप में इस्तेमाल किया जाने वाला एक जहरीला रसायन है।

देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 15 पेयजल के नमूने एकत्र किए गए और उन्हें परीक्षण के लिए दिल्ली के श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल रिसर्च भेजा गया।

रिपोर्ट के अनुसार, बठिंडा (80.5 पीपीबी) से बोरवेल के पानी के नमूने में सबसे अधिक सांद्रता देखी गई, जबकि सबसे कम (29.1 पीपीबी) इंद्रप्रस्थ, नई दिल्ली में सरकारी आपूर्ति से नल के पानी में पाया गया।

टॉक्सिक्स लिंक के वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक ने कहा, ÷नोनीलफेनॉल एक जहरीला रसायन है और मानव स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभावों से जुड़ा एक प्रसिद्ध अंतःस्त्रावी अवरोधक है। पीने के पानी के माध्यम से नोनीलफेनॉल का दैनिक सेवन नागरिकों पर प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव डाल सकता है।÷

नोनीलफेनोल का उपयोग आमतौर पर नोनीलफेनोल एथोक्सिसलेट्स (एनपीई) के उत्पादन में किया जाता है। एनपीई का उपयोग सर्फेक्टेंट के साथ-साथ दिन-प्रतिदिन के उपभोक्ता उत्पादों जैसे डिटर्जेंट, वेटिंग एजेंट, डिस्पेंसर आदि में किया जाता है।

एनपीई पर्यावरण में प्रवेश करते हैं और अंततः नोनीलफेनॉल्स में टूट जाते हैं जो पानी, मिट्टी आदि जैसे विभिन्न पर्यावरणीय मैट्रिक्स में प्रवेश कर सकते।

भारत में, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने पीने के पानी (1 पीपीबी) और सतही पानी (प्रति मिलियन 5 भाग) में फेनोलिक यौगिकों के लिए मानक निर्धारित किए हैं। हालांकि, वर्तमान में, भारत में पीने और सतही जल में विशेष रूप से नोनीलफेनॉल के लिए कोई मानक नहीं हैं।

÷अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और चीन जैसे देशों ने पहले ही इस रसायन के खतरों को स्वीकार कर लिया है और डाउनस्ट्रीम स्तर पर जोखिम को कम करने के लिए डिटर्जेंट सहित कई उत्पादों में इसके उपयोग को समाप्त करने के लिए नियमों के साथ आए हैं।÷ शोध के कार्यक्रम समन्वयक ने कहा।

इस प्रकार हमारा पीने का पानी पीने से हम नित्य रुग्ण हो रहे हैं जो हमारे लिए बहुत हानिकारक हैं, इस पर यदि हम जागरूक नहीं हुए तो पूरा देश रोगग्रस्त हो जायेंगे।

# राष्ट्रवाद -एक अवलोकन व विवेचना

### सूडोकु नवताल- 6133

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

शरद नारायण खरे

राष्ट्र की परिभाषा एक ऐसे जन समूह के रूप में की जा सकती है ,जो कि एक भौगोलिक सीमाओं में एक निश्चित देश में रहता हो, समान परम्परा, समान हितों तथा समान भावनाओं से बँधा हो और जिसमें एकता के सूत्र में बाँधने की उत्सुकता तथा समान राजनैतिक महत्त्वाकांक्षाएँ पाई जाती हों। राष्ट्रवाद के निर्णायक तत्वों मे राष्ट्रीयता की भावना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। राष्ट्रीयता की भावना किसी राष्ट्र के सदस्यों में पायी जानेवाली सामुदायिक भावना है जो उनका संगठन सुदृढ़ करती है। भारत में अंग्रेजों के शासनकाल मे राष्ट्रीयता की भावना का विशेषरूप से विकास हुआ, इस विकास में विशिष्ट बौद्धिक वर्ग का महत्त्वपूर्ण योगदान है। भारत में अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार से एक ऐसे विशिष्ट वर्ग का निर्माण हुआ जो स्वतन्त्रता को मूल अधिकार समझता था और जिसमें अपने देश को अन्य पाश्चात्य देशों के समकक्ष लाने की प्रेरणा थी। पाश्चात्य देशों का इतिहास पढ़कर उसमें राष्ट्रवादी भावना का विकास हुआ। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि भारत के प्राचीन इतिहास से नई पीढ़ी को राष्ट्रवादी प्रेरणा नहीं मिली है किन्तु आधुनिक काल में नवोदित राष्ट्रवाद अधिकतर अंग्रेजी शिक्षा का परिणाम है। देश में अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त किए हुए नवोदित विशिष्ट वर्ग ने ही राष्ट्रीयता का झण्डा उठाया।

**भारतीय राष्ट्रवाद का उदय:** भारतीय राष्ट्रवाद एक आधुनिक तत्त्व है। इस राष्ट्रवाद का अध्ययन अनेक दृष्टिकोणों से महत्त्वपूर्ण है। राष्ट्रवाद के उदय की प्रक्रिया अत्यन्त जटिल और बहुमुखी रही है। भारत मे अंग्रेजों के आने से पहले देश में ऐसी सामाजिक संरचना थी जो कि संसार के किसी भी अन्य देश मे शायद ही कहीं पाई जाती हो। वह पूर्व मध्यकालीन यूरोपीय समाजों से आर्थिक दृष्टि से भिन्न थी। भारत विविध भाषा-भाषी और अनेक धर्मों के अनुयायियों वाले विशाल जनसंख्या का देश है। सामाजिक दृष्टि से हिन्दू समाज जो कि देश की जनसंख्या का सबसे बड़ा भाग है, विभिन्न जातियों और उपजातियों में विभाजित रहा है। स्वयं हिन्दू धर्म में किसी विशिष्ट पूजा पद्धति का नाम नहीं है। बल्कि उसमें कितने ही प्रकार के दर्शन और पूजा पद्धतियाँ सम्मिलित है। इस प्रकार हिन्दू समाज अनेक सामाजिक और धार्मिक विभागों में बँटा हुआ है। भारत की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक संरचना तथा विशाल आकार के कारण यहाँ पर राष्ट्रीयता का उदय अन्य देशों की तुलना मे अधिक कठिनाई से हुआ है। शायद ही विश्व के किसी अन्य देश में इस प्रकार की प्रकट भूमि में राष्ट्रवाद का उदय हुआ हो।


सर जॉन स्ट्रेची ने भारत के विभिन्नताओं के विषय मे कहा है कि ÷भारतवर्ष के विषय में सर्वप्रथम महत्त्वपूर्ण जानने योग्य बात यह है कि भारतवर्ष न कभी राष्ट्र था, और न है, और न उसमें यूरोपीय विचारों के अनुसार किसी प्रकार की भौगोलिक, राजनैतिक, सामाजिक अथवा धार्मिक एकता थी, न कोई भारतीय राष्ट्र और न कोई भारतीय ही था जिसके विषय में हम बहुत अधिक सुनते हैं।÷ इसी सम्बन्ध मे सर जॉन शिले का कहना है कि ÷यह विचार कि भारतवर्ष एक राष्ट्र है, उस मूल पर आधारित है जिसको राजनीति शास्त्र स्वीकार नहीं करता और दूर करने का प्रयत्न करता है। भारतवर्ष एक राजनीतिक नाम नही हैं वरन् एक भौगोलिक नाम है जिस प्रकार यूरोप या अफ्रीका।÷

उपरोक्त विचारों से स्पष्ट हो जाता है कि भारत में राष्ट्रवाद का उदय और विकास उन परिस्थितियों में हुआ जो राष्ट्रवाद के मार्ग में सहायता प्रदान करने के स्थान पर बाधाएँ पैदा करती है। वास्तविकता यह है कि भारतीय समाज की विभिन्नताओं में मौलिक एकता सदैव विद्यमान रही है और समय-समय पर राजनीतिक एकता की भावना भी उदय होती रही है। वी0ए0 स्मिथ के शब्दों में ÷वास्तव मे भारतवर्ष की एकता उसकी विभिन्नताओं में ही निहित है।÷ ब्रिटिश शासन की स्थापना से भारतीय समाज में नये विचारों तथा नई व्यवस्थाओं को जन्म मिला है इन विचारों तथा व्यवस्थाओं के बीच हुई क्रियाओं और प्रतिक्रियाओं के परिणामस्वरूप भारत में राष्ट्रीय विचारों को जन्म दिया।इसी को हम राष्ट्रीय चेतना कहते हैं,और इसी को राष्ट्रवाद के रूप में निरूपित करते हैं।

अंत में,यही कहा जा सकता है ,कि-
÷जो भरा नहीं है भावों से,बहती जिसमें रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है,जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।।÷

## मां तो बस मां होती है...





मेरी खुशी में खुश होती है।
मेरे दुख में रोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

घर में भोजन कम होने पर,
अपने बच्चो के रोने पर,
बच्चो को भरपेट खिलाकर,
खुद पानी पीकर सोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

बच्चा जब लेता आकार,
बनता जब खुद का परिवार।
सहती सौ पीड़ा बेचारी,
उसपर लाखो जिम्मेदारी।
इक-इक कर रिश्तों के मोती
जो माला में पिरोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

कभी डांट है, कभी है मार,
कभी करती है, लाड दुलार।
कभी बोलती जान से प्यारा,
कभी कहती हैं राजकुमार।
अपने बच्चो, की खातिर मां,
कितने सपने संजोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

सबसे सुंदर, सबसे न्यारा,
मां को बच्चा सबसे प्यारा।
चाहे जीता, चाहे हारा,
हरदम मां की आंख का तारा।
मां बच्चो के मैले कपड़े,
बड़ी खुशी से धोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

दुनिया के सब रिश्तेदार,
करते हैं, केवल व्यापार।
मां से ज्यादा शायद जग में,
करता नही है, कोई प्यार।
अपने बच्चो की खातिर मां
दामन सदा भिगोती है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

बीज ज्ञान का बोती है।
मां मनके का, मोती है।
मां की कीमत वही जानते,
जिनकी मां नही होती है।
वो अंधकार को हरने वाली,
सूने घर की ज्योति है।
सच कहते है लोग यार की,
मां तो बस मां होती है...

**केशब पंडित जी**
**पत्रकार अम्बाह..**

# डीपी फुकने से सियाराम का पुरा में अंधेरा, लोग पानी को तरसे, आक्रोशित जनता ने बिजली घर पर किया हंगामा





**- प्राइवेट ठेकेदार के लड़के ने बिजली का बिल कम करने के नाम पर 70 घरों से वसूले 2-2 हजार रुपए**

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जोरी गांव सियाराम सरपंच का पुरा गुरुवार को डीपी फुकने से अंधेरा छाया हुआ है और लोग पीने के पानी को भी तरस गए। बिजली ना मिलने से आक्रोशित महिला और पुरुषों ने शुक्रवार की दोपहर बिजली घर का घेराव कर चक्का जाम कर दिया, इस दौरान दो महिलाएं बेहोश हो गई। पुलिस द्वारा चक्काजाम कर रही महिलाओं को हटाया गया और बेहोश महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया। विद्युत अधिकारियों ने डीपी बदलवाने का आश्वासन दिया है, वहीं प्राइवेट ठेकेदार के लड़के द्वारा बिजली बिल कम करवाने के नाम पर 70 घरों से 2-2 हजार रुपए वसूल किए गए और खुद पर खर्च कर लिए गए। ग्रामीणों ने रुपए लौटाने की बात भी कही।

ग्रामीणों ने बताया कि सियाराम सरपंच का पुरा मैं लगभग 90 घर है, जिनमें 4000 से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां पर लगी डीपी गुरुवार की सुबह फेल हो गई और तब से विद्युत आपूर्ति बंद है, जिस कारण लोग भीषण गर्मी में परेशान है तथा पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। बिजली आपूर्ति बंद होने से आक्रोशित सियाराम का पुरा के लोगों ने महिलाओं के साथ शुक्रवार की दोपहर बिजली घर को घेर लिया और उग्र प्रदर्शन किया। महिलाएं सड़क पर लेट गई तथा चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटवाया। इस दौरान दो बुजुर्ग महिलाएं गर्मी के चलते बेहोश हो गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। विद्युत अधिकारियों ने डीपी बदलवाने का आश्वासन दिया है, वही ग्रामीणों ने बताया कि प्राइवेट ठेकेदार का लड़का बंटी गुर्जर उसके द्वारा मोहल्ले के 70 घरों से 2-2 हजार रुपए प्रति घर जमा कराकर गैर कानूनी काम किया गया है, उसके द्वारा किसी को पर्ची दी गई तो किसी को नहीं और पूरा पैसा स्वयं खा गया तथा बिजली घर में एक रूपया जमा नहीं किया है। यह रुपया उसने मोहल्ले के लोगों से विद्युत बिल कम करवाने के नाम पर लिए हैं। इस प्रकार 70 घर से एक लाख 40 हजार रुपए वसूले गए है। ग्रामीणों ने उक्त राशि वापस दिलवाने या बिलो में जमा करने की बात कही है।

## कोरोना बूस्टर डोज के लिए 21 जुलाई से प्रदेश में आरंभ होगा विशेष अभियान: मुख्यमंत्री

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक से पहले अनौपचारिक चर्चा में जानकारी दी कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेशवासियों को बूस्टर डोज लगाने के लिए 21 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर तक अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। प्रदेशवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने 21 जुलाई से 25 सितंबर के मध्य विशेष अभियान भी संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना के प्रकरण बढ़े अवश्य हैं, परंतु यह चिंताजनक स्थिति में नहीं है। कोरोना संक्रमण से प्रभावित व्यक्ति घर पर ही उपचार से स्वस्थ हो रहे हैं। चिंता की कोई बात नहीं है, राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

## बारिश के दिनों में पोल, ट्रांसफार्मर से दूर रहने की अपील

**मुरैना।** बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं, आम नागरिकों से बारिश के दिनों में पोल, तार, ट्रांसफार्मरों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि कई बार तेज हवा, आंधी, तेज वर्षा के साथ ही लाइनों के पास से पेड़, होर्डिंग्स आदि गिरने की वजह से तार टूट सकते है। करंट लिकेज की वजह से भी नीचे करंट उतर जाता है, ऐसे में पोल, ट्रांसफार्मर, तार से दूरी बनाए रखने पर हादसे से बचा जा सकता है। यदि लाइन, पोल के पास कोई पेड़ या शाखा गिरी हो तो शाखा, पेड़ को भी हाथ न लगाए। उपभोक्ता या आम नागरिकों द्वारा करंट, फाल्ट या बिजली संधाधनों को लेकर कोई भी आकस्मिक सूचना टोल फ्री नंबर 1912 या अपने क्षेत्र के बिजली अधिकारी को दी जा सकती है। प्रत्येक बिल पर भी संबंधित क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी के नंबर दर्ज होते है।

# अवयस्क बालिका के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

मुरैना। अवयस्क बालिका के साथ बलात्कार करने के मामले में माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मुरैना ने प्र0क्रं0 12/20 में आरोपी राकेश उर्फ रोहित गुर्जर पुत्र कम्पोटर गुर्जर, उम्र-22 वर्ष निवासी ग्राम छडेह जौरा जिला मुरैना म.प्र. को धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया द्वारा की गई एवं श्रीमती नीतू प्रजापति, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मुरैना द्वारा प्रकरण के न्यायिक निराकरण हेतु अभियोजन कार्य में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि अभियोक्त्री के ताऊ द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2019 को आरक्षी केन्द्र सिविल लाईन मुरैना में सूचना दी कि उसकी भतीजी/अभियोक्त्री उम्र 11 वर्ष स्कूल पढने गई थी, शाम तक वापस नहीं आई स्कूल जाने पर पता लगा कि अभियोक्त्री स्कूल पहुंची ही नहीं, कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर ले गया है। अभियोक्त्री दिनांक 10 दिसम्बर 2019 को ग्राम छडेह जौरा मुरैना स्थित राकेश गुर्जर के मकान से दस्तयाब हुई। अभियोक्त्री ने बताया कि अभियुक्त राकेश ने उसके साथ 3-4 बार उसकी सहमति के बिना शारीरिक संबंध बनाए। अभियोक्त्री के साथ हुई उक्त घटना के संबंध में अभियुक्त राकेश उर्फ रोहित गुर्जर के विरूद्ध प्रकरण पॉक्सो एक्ट का होकर गंभीर प्रकृति का था। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक श्रीमती प्रतिभा उमरैया के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी राकेश उर्फ रोहित गुर्जर पुत्र कम्पोटर गुर्जर, उम्र-22 वर्ष निवासी ग्राम छड़ेह जौरा जिला मुरैना म.प्र. को धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया।

## हिंडोरा उत्सव प्रारंभ, आचार्य श्रीहरिराय जी के सानिध्य में होंगे मनोरथ एवं प्रवचन



**मुरैना।** शहर से सटे मुरैना गांव में स्थित श्री पुरुषोत्तम धाम बैठक मंदिर में गुरुवार से हिंडोरा उत्सव का आयोजन आरंभ हुआ। इस अवसर पर वल्लभ कुल के युवा आचार्य श्री हरिराय जी एवं भारी संख्या में वैष्णवजन उपस्थित रहे। यह आयोजन गोस्वामी युवा आचार्यश्री हरिराय के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। यह उत्सव पूरे सावन महीने में चलेगा। श्री पुरुषोत्तम धाम बैठक मंदिर में आज से हिंडोरा उत्सव प्रारंभ हुआ। आज यहां श्रीठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया था। इस अवसर पर वहां उपस्थित वैष्णवजनों ने मंदिर में ठाकुरजी के सन्मुख कीर्तन में भाग लिया। आयोजन में गोस्वामी आचार्यश्री हरिराय ने प्रवचन करते हुए हिंडोरा उत्सव का महत्व बताया। गौरतलब है कि पूरे सावन माह में चलने वाले इस उत्सव में गोस्वामी आचार्य श्री दामोदरलाल महाराज, युवा आचार्यश्री गोवर्धनेश जी (श्री दर्शन कुमार) खासतौर से उपस्थित रहेंगे। समूचे अंचल के वैष्णवो से आग्रह है कि वह श्रावण महीने में चलने वाले हिंडोला उत्सक में उपस्थित होकर दर्शन लाभ और आचार्य श्री के वचनामृत का लाभ उठावें।

## चुनावी विवाद पर दो गुटों में चले लाठी-डंडे, एक दर्जन घायल



**मुरैना।** जिले के सबलगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम जोधपुर मैं गुरुवार की शाम चुनावी विवाद को लेकर दो सजातीय गुटों में लाठी-डंडे चले गए, जिसमें दोनों पक्ष के महिला पुरुष घायल हुए हैं। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सबलगढ़ से 12 किलोमीटर दूर ग्राम जोधपुर चुनावी विवाद के चलते पप्पू केवट पुत्र लोहरे केवट 36 वर्ष एवं मुख्तार केवट पुत्र सिद्धार केवट 30 वर्ष के बीच विवाद हो गया और इसी विवाद पर दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर लाठी डंडा लेकर टूट पड़े, जिससे दोनों पक्ष के एक दर्जन महिला पुरुष चोटिल हो गए। सबलगढ़ थाना पुलिस ने पप्पू केवट की रिपोर्ट पर से सिद्धार, मुख्तार, रामअवतार, जगदीश, राजाराम, मेहरबान, जसवंत एवं मुख्तार की रिपोर्ट पर से रामदीन, मानपाल, रामद्दीन, अजय भान, देशराज, लाल सिंह आदि के विरुद्ध मारपीट की धाराओं के तहत क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

## रामदेव की शिष्या साध्वी देव आदिति एक दिवसीय प्रवास पर



पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से परम पूज्य योग ऋषि बाबा रामदेव की शिष्या साध्वी देव आदिति एक दिवसीय प्रवास पर मुरैना पधार रही हैं जो 18 जुलाई को मुरैना शाम 5 बजे मुरेना में सीए प्रकाश अग्रवाल के जीवाजी गंज स्थित घर पर पहुंचेंगी। साध्वी देव आदिति के मुरैना आगमन पर पतंजलि परिवार की ओर से स्वागत सम्मान किया जायेगा। अगले दिन 19 जुलाई को सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक एक दिवसीय योग शिविर चंबल कॉलोनी पार्क मुरैना में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मुख्य अतिथि के रुप साध्वी देव आदिती उपस्थित होकर योग प्राणायाम करायेगी, जिससे शहर के अनेकों अनेक लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सके। कार्यक्रम की रूपरेखा व तैयारी के लिए पतंजलि योग परिवार की बैठक सी.ए. प्रकाश अग्रवाल के निज निवास पर की गई, जिसमें मुख्य रुप से वरिष्ठ योगाचार्य पुष्कल नारायण शर्मा, श्रीमती गीता अग्रवाल, चंद्रशेखर शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, राजेश शर्मा, कृष्णा सोनी, तहसीलदार सिंह बैंसला एडवोकेट, रागिनी बंसल, राधाचरण त्यागी, जय किशन शर्मा, निधि गुप्ता, मुरारी लाल पाराशर, आसाराम प्रजापति, जय नारायण शर्मा, सुशीला शर्मा, बबिता जैन, शिल्पी गुप्ता, रेखा बंसल आदि उपस्थित रहे।

# ''हर घर तिरंगा'' अभियान में घर-घर लहराएगा तिरंगाः प्रमुख सचिव

**मुरैना।** ''आजादी के अमृत महोत्सव'' में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के ''हर घर तिरंगा'' अभियान में प्रदेश के हर घर में स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाकर देशभक्ति की भावना जागृत करना और अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वयं क्रय कर फहराने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए सभी को अपने घर, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों आदि पर स्वेच्छा से तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि यह अभियान सभी देशवासी को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का मौका देगा। अपने घर में तिरंगा फहराने से राष्ट्र के प्रति निजी जुड़ाव उत्पन्न होगा। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय ध्वज क्रय करने के लिए सभी नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

**जागरूकता के साथ जन-भागीदारी:** प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि जिला और ग्राम स्तर तक अभियान के प्रति नागरिकों में जागरूकता और जन-भागीदारी बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जिलों में स्व-सहायता समूह, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग, दर्जियों और गैर सरकारी संगठन का सहयोग लिया जाएगा। जन अभियान परिषद और स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और उसे फहराने की गरिमा के भाव को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। ''इच वन गिट वन'' अभियान से भी अधिकाधिक लोगों को प्रेरित कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया जाएगा।

# उल्टी दस्त, खसरा, मलेरिया,पीलिया जैसे रोगों से बचाव हेतु रखें सावधानी

मुरैना। वर्षा ऋतु में प्रदूषित पेयजल से हैजा, उल्टी-दस्त, पेचिस, खसरा, पीलिया जैसी बीमारियां होती है। वर्षा के मौसम में नदी, तालाब जैसे जल स्त्रोतों के आसपास ग्रामीणों के मल त्याग करने से मानव मल में मौजूद रोगाणु पानी में मिल जाते है साथ ही नदी तालाबों में पशुओं को नहलाने से भी अनेक रोगाणु पानी में फैल सकते है। जब यही पानी पीने के लिए या भोजन बनाने में प्रयोग में लाते है तो ये रोगाणु शरीर में प्रवेश कर के लोगों को कई प्रकार की बीमारियों से पीड़ित करते है। इन्हीं रोगाणुओं से मुख्य रूप से दस्त, हैजा, टाईफाईड, पीलिया, खूनी पेचिस, तथा आंव दस्त जैसी कई बीमारियां होती है।

वर्षा ऋतु में जलजनित रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां रखना जरूरी है। हमें हमेशा शुद्ध जल स्त्रोत का प्रयोग करना चाहिए। पानी को हमेशा दोहरे कपड़े से छानकर इस्तेमाल करने से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। कुंओं के पानी में नियमित ब्लीचिंग पाउडर डाला जाना चाहिए। पीने के पानी का रख-रखाव इस प्रकार से हो कि पीने के पानी को हमेशा साफ बर्तन में ही रखा जावें, प्रतिदिन पानी के बर्तन को साफ करें ताकि उसमें काई न जमने पाए। पीने के पानी को हमेशा ढककर रखें। बर्तन में से पीने का पानी निकालने के लिए लम्बे हेण्डिल वाले बर्तन का प्रयोग करें। पीने के पानी में हाथ नहीं डालना चाहिए।एक घड़े या मटकें में एक क्लोरिन गोली पीसकर डालना चाहिए। आधे घण्टे तक इसे ढककर रखने के बाद ही पानी पीने के लिए उपयोग करना चाहिए, यह गोलियॉ प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्राम की आषा कार्यकर्ता के पास निःशुल्क उपलब्ध है। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों में दस्त रोग प्रमुख है, उल्टी-दस्त होने पर ओ.आर.एस. पैकेट एक लीटर स्वच्छ व शुद्ध पानी में घोलकर रोगी को पिलाना शुरू कर देना चाहिए। दस्त लगने के 24 घण्टे के अन्दर यह घोल अधिक से अधिक मात्रा में पिलाना चाहिए व 24 घण्टे के बाद बचा हुआ घोल फैक कर अगले दिन दूसरे पेकेट का घोल बनाना चाहिए। माँ का दूध पीने वाले शिशु को दूध पिलाना बंद नहीं करना चाहिए। दस्त के साथ उल्टियां शुरू होने पर शीघ्र ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता या चिकित्सक को बताकर उपचार लेना चाहिए। ओ.आर.एस. पैकेट सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं के पास निःशुल्क उपलब्ध रहते है।

# ग्राम पंचायतों को विकास और प्रगति के लिए मिलकर करेंगे काम : ओपीएस भदौरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेहदोली में पंचायत चुनाव में सभी नवनिर्वाचित सरपंचों के निजी निवास पर पहुंचकर बधाई देते हुए कहा कि हम सब जनता के जनसेवक के रूम में काम करेंगे और जिस विश्वास के साथ गांव के विकास के लिए कार्य करेंगे । उन्होंने कहा प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार आप सभी जनप्रतिनिधियों के साथ विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी द्य ग्राम पंचायतों के विकास और प्रकृति के लिए सब मिलकर कार्य करेंगे ताकि ग्राम पंचायतों को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करते हुए आत्मनिर्भर की ओर हर गरीब को जोड़ा जाए यह सरकार का अंत्योदय मिशन है । आप सभी ने प्रचंड बहुमत के साथ पंचायतों के चुनाव में विजय के लिए मैं बधाई देता हूं ।

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों को सफलता मिली है इसके लिए मैं बधाई देता हूं । साथ ही उन्होंने कहा कि गांव का विकास आपकी सरकार के माध्यम से ही आत्मनिर्भर की ओर आगे बढ़ेगा गरीब मजदूरों किसानों तथा आमजन की जन समस्याओं का समाधान शीघ्र हो इसके लिए हम जनता की अदालत में जाकर प्राथमिकता के तौर पर कार्य करें ताकि उनके सामने हम खरी उतरने का प्रयास कर सकें द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि ग्राम पंचायत को ऐसा गांव बनाने का कार्य करें जो कि आपकी पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जा सके । उन्होंने कहा कि मेरी जहां आवश्यकता पड़े हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी शासन की योजना गरीब मजदूरों तक पहुंचे इसके लिए हम सब पूर्ण रूप से प्रयास करें कोई भी व्यक्ति शासन की योजना का लाभ लेना रह जाए इस पर हमें पूर्ण रूप से ध्यान देना है राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ग्राम पंचायतों की चौपालों के हरगली और मोहल्ले केंद्र और राज्य सरकार की योजना से जुड़े इसके लिए अपने-अपने बूथ केंद्रों पर पहुंचकर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिता कर विकास को आगे बढ़ाएं ताकि आपका सरपंच आपकी जनसेवा के लिए आगे आए हमारा संकल्प की सरकार की योजनाएं हर समाज के व्यक्ति तक पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों का चुनाव राज्य सरकार की विकास की कड़ी का महत्वपूर्ण है इसीलिए हम अपने अपने वार्ड स्तर पर जाकर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के लिए मतदाताओं ने आप सभी को सरपंच की जिम्मेदारी देकर जनसेवा का अवसर दिया है जिसे हम अपनी जिम्मेदारी को कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी और पराकाष्ठा के साथ निभाएंगे और केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारों को मजबूती दिलाने का कार्य करें राज्यमंत्री भदौरिया ने विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत महरौली एवं बरहज के नवनिर्वाचित सरपंच तो फिर बात किशोर दुबे लाला एवं अन्य सरपंचों के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका पुष्पाहार पहनाकर स्वागत और मिष्ठान वितरण से मुंह मीठा कराया और उन्हें बधाई दी और कहा आप सभी को देव तुल्य जनता ने विश्वास जताकर जिम्मेदारी सौंपी है आप सभी पूरी निष्ठा से निर्वाह करेंगे । क्षेत्र के विकास हेतु समर्पित रहकर जनता के किए गए वादों को पूरा करने मे श्रवण कुमार की भूमिका में काम करेंगे।

# एनएच 27 की देखने को मिल रही है बड़ी लापरवाही

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा।** दिनारा कस्बे के अशोक होटल चौराहा एनएच 27 की देखने को मिल रही है बड़ी लापरवाही जोकि एनएच 27 झांसी शिवपुरी हाईवे है अशोक होटल चौराहे के पास में हाईवे रोड पर हो रहे हैं 5 फीट लंबाई डेढ़ फुट चौड़ाई के गड्ढे इस गड्ढों की वजह से कई



बार यहां पर गाड़ी अनबैलेंस हो जाती हैं जैसे कि झांसी तरफ से आने वाली गाड़ी को जब पिछली गाड़ी कार या ट्रक क्रॉस करता है तब इन गड्ढों में गाड़ी कुचल जाती है और जान का खतरा बना रहता है ठ्ठ27 अधिकारी के अधिकारी रोज निकलते हैं जो भी पब्लिक या दुकानदार एक गाड़ी मालिक बात करते हैं तो उनका जवाब रहता है कि हां इसको सही करवा देगी लेकिन इन गड्ढों को देखने के बाद भी एनएच 27 के अधिकारी आंखें मूंदकर निकल जाते हैं इन गड्ढों से कभी भी किसी भी गाड़ी ट्रक या बस या मोटरसाइकिल कभी भी दुर्घटना का शिकार बन सकती है कुछ दिनों पहले एक बाइक और ट्रक से एक्सीडेंट हुआ था इसी गड्ढे की वजह से एक इंसान की जान गई थी लेकिन शासन प्रशासन एनएच 27 के अधिकारी को कोई आज तक फर्क नहीं पड़ा।

## चौराहे के दुकानदारों का कहना है

की जब यहां से ट्रक बस गुजरती है तो हमें भी बहुत डर लगता है क्योंकि हाईवे से लगी हुई करीब 1520 दुकानें लगी हुई हैं। कल्लू महाराज का कहना है कि हमने एनएच 27 के अधिकारियों से बात करते हैं तो कहते हैं की हम दो-चार दिन में इसकी मरम्मत करा देंगे। लेकिन 4 महीने से आज दिनांक तक इन गड्ढों की मरम्मत नहीं हुई है।

## चामुंडी देवी प्रतिमा स्थापित कर विशेष की पूर्जा अर्चना

**पुष्पाजंली टुडे**



**मैसूरु** =गांधी चौक के समीप ओल्ड बैंक मार्ग पर आज आषाढ़ के तीसरे शुक्रवार पर चामुंडी देवी की प्रतिमा स्थापित कर विशेष विधि विधान से पूजा अर्चना की गई द्य चामुंडी माँ के जयकारे लगाये गए द्य इस अवसर पर पी.राजेश,रवि कुमार पी.सी., दयानंद,पृथ्वी सिंह चांदावत,वसनाराम धानपुर, भीमराज परिहार,कृपाल सिंह महेचा,लाबूराम नरपुरा आदि भक्त उपस्थित रहे ल

# देश की राजधानी दिल्ली में आज देश के रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी के सुपुत्र, प्रख्यात समाजसेवी और FICCI UP के अध्यक्ष श्री नीरज सिंह जी से BJP नेता श्यामू ठाकुर ने स्नेहिल मुलाकात की

पुष्पांजली टुडे

इस दौरान श्यामू ठाकुर ने पवित्र तीर्थ स्थल संकुआ धाम के दर्शन और पूजन के लिए भी श्री नीरज सिंह को आमंत्रित किया!! मुलाकात के दौरान तमाम युवाओं से



संबंधित समस्याओं को भी श्यामू ठाकुर ने नीरज सिंह के सामने रखा जिसको लेकर उन्होंने शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया. श्री नीरज सिंह युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं और वो लगातार क्क की राजनीति में सक्रिय रहते हैं, अपने पिता के संसदीय क्षेत्र में नीरज सिंह ही सदैव सक्रिय रहते हैं. ना सिर्फ FICCI क्क के वो अध्यक्ष हैं बल्कि योगा एसोसिएशन के अलावा भी वो भारत तिब्बत समन्वय संघ के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं.

## युवाओं का होगा युवा सम्मेलन

**पुष्पांजली टुडे**

**सेवढा।।** में जल्द होगा युवा सम्मेलन जिसमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र प्रबल प्रताप सिंह



तोमर रघु भैया के मुख्य आतिथ्य में होगा विशाल युवा स म्मे ल न समाजसेवी श्यामू ठाकुर के द्वारा बस स्टैंड सेबड़ा पर विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा उक्त बात मीडिया से चर्चा करते हुए श्यामू ठाकुर के द्वारा बताया गया।

# समाजसेवी डॉ.श्याम बिहारी की स्मृति में किया पौधारोपण कार्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता को लेकर डॉ.श्याम बिहारी शर्मा की पुण्य स्मृति में शहर के मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में पौधारोपण कर हरा-भरा वातावरण बनाने का संदेश दिया। विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-एक पौधा लगाकर उसको पल्लवित करने और समाज के लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक नेहरू युवा केंद्र आशुतोष साहू संचालक श्रीमती सुषमा जैन प्राचार्य राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



श्री साहू ने सभी छात्र छात्राओं से कहा की पेड़-पौधे प्रकृति की अनुपम देन है, यह एक बहुमूल्य संपदा है जहां पर अधिक मात्रा में होते हैं वहां की जलवायु व वातावरण स्वच्छ होता है। इनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमें लेनी चाहिए। श्रीमती जैन ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया वे अपने-अपने घर के आंगन में एक एक पौधा अवश्य लगाएं जिससे दिन-व-दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण का संतुलन सही किया जा सके। पर्यावरण के प्रति उदासीन होने से इसका नतीजा हम सबको प्रकृति में हो रहे बदलाव के रूप में मिल रहा है। श्री प्राचार्य द्वारा मानव जीवन में हरियाली के महत्व को बताते हुए पौधों को लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# जिला पंचायत के विजयी सदस्यों को रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट मध्यप्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के साथ साथ विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 15 जुलाई को जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए डाले गये मतों का जिला स्तरीय सारणीकरण कर विजयी प्रत्याशियों को कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर चुनाव प्रेक्षक श्री शरद कुमार श्रोत्रिय एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम भी उपस्थित थे।



**जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से 27 तक इन्हें मिला जीत का ताज:** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-01 से ईसमिता तेकाम, क्षेत्र क्रमांक-02 से योगेश ऊर्फ राजा लिल्हारे, क्षेत्र क्रमांक-03 से रूकमणी मेकेश माहुले, क्षेत्र क्रमांक-04 से डाली कावरे, क्षेत्र क्रमांक-05 से चेतना अजय कुर्राहे, क्षेत्र क्रमांक-06 से श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंगनधुपे, क्षेत्र क्रमांक-07 से ज्योति ईश्वर उमरे, क्षेत्र क्रमांक-08 से दुलिचंद राजनीरे, क्षेत्र क्रमांक-09 से मीना सुधीर दसरिया, क्षेत्र क्रमांक-10 से लोमहर्ष रिपुदमनसिंह बिसेन, क्षेत्र क्रमांक-11 से पूजा मनोज टेंभरे, क्षेत्र क्रमांक-12 से गीता ज्ञानसिंह हनवत, क्षेत्र क्रमांक-13 से केशर बिसेन (बहन जी), क्षेत्र क्रमांक-14 से रविकांता महेश बोरकर, क्षेत्र क्रमांक-15 से प्रियंका परते पिता रामकृष्ण परते, क्षेत्र क्रमांक-16 से प्रकाश उके, क्षेत्र क्रमांक-17 से सुनिता मानसिंह बहेटवार, क्षेत्र क्रमांक-18 से मधु, क्षेत्र क्रमांक-19 से झामसिंह नागेश्वर, क्षेत्र क्रमांक-20 से सम्राट अशोक सिंह सरस्वार, क्षेत्र क्रमांक-21 से डुलेन्द्र ठाकरे (मुन्ना भैया), क्षेत्र क्रमांक-22 से महेश मरकाम, क्षेत्र क्रमांक-23 से मन्शाराम मड़ावी, क्षेत्र क्रमांक-24 से सविता देलसिंह मरकाम, क्षेत्र क्रमांक-25 से अनुपमा नेताम, क्षेत्र क्रमांक-26 से टामेश्वर सालिकराम पटले एवं क्षेत्र क्रमांक-27 से दल सिंह पन्द्रे विजयी हुये है। इन विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**कलेक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की की अपील:** कलेक्टर डॉ मिश्रा ने इस दौरान निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों से अपील की कि वे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷स्वतंत्रता सप्ताह÷ दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक ÷हर घर तिरंगा÷ राष्ट्रीय ध्वज लगाने के अभियान में शामिल हों और अपने क्षेत्र के सभी गोलो को इस अभियान में अपने घर, दुकान, संस्थान, भवन में तिरंगा लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अभियान का उद्देश्य जन सामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करना है और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाना है।

# 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में घर-घर लहराएगा तिरंगा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** आजादी के अमृत महोत्सव% में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान में जिले की जनता को हर घर में स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान 11 से 17 अगस्त 2022 तक चलेगा। इस अभियान के प्रति जनजागरूकता के एवं कार्ययोजना तैयार करने के लिए आज 15 जुलाई को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम भी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाकर देशभक्ति की भावना जागृत करना और अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वयं क्रय कर फहराने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के अंतर्गत भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए सभी को अपने घर, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों आदि पर



स्वेच्छा से तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इसमें जिले में कार्यरत विभिन्न संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अशासकीय संगठनों को भी अपना योगदान देना होगा। शासकीय विभागों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में क्विज, प्रश्नोत्तरी, निबंध, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जनजागरूकता के लिए काम किया जायेगा।

**तिरंगा अभियान में झंडा संहिता का होगा पालन:** बैठक में बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान में झंडा संहिता का पालन करते हुए घरों में 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाना है। झंडा की लंबाई और चौड़ाई में 3¬2 का अनुपात होना चाहिए। झंडे में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद वं नीचे हरा रंग होना चाहिए। सफेद रंग की पट्टी में नीले रंग का अशोक चक्र होना चाहिए जिसमें 24 तिलियां होना चाहिए। झंडे में तीनों रंग की पट्टियां समान चौड़ाई की होना चाहिए और तिरंगा झंडा कपड़े का बना होना चाहिए। झंडे का उपयोग व्यवसायिक प्रयोजन के लिए नहीं होना चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान में आम जन को झंडा स्वयं लेकर लगाना है। जिले में घरों पर लगाये जाने वाले झंडे एक से आकार के हों इसके लिए वेंडर्स से झंडे क्रय किये जायेंगें। जिले में 04 लाख झंडों की जरूरत होगी। अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए आम जन उचित मूल्य दुकान, सहकारी बैंक एवं उनकी समितियों, ग्राम पंचायत से झंडा क्रय कर सकेगें। इन स्थानों पर निश्चित आकार के तिरंगे झंडे विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगें।

**वालिंटियर्स देंगें अपनी सेवायें:** बैठक में स्वयं सेवी संगठनों, संस्थाओं, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र, तैराकी संघ, बालाघाट चेंबर आफ कामर्स, सराफा एसोसियेशन, हम फाउंडेशन, सब्जी व्यापारी संगठन, ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन एवं अन्य संगठनों की ओर से इस अभियान में झंडे एवं नगद राशि देने की सहमति दी गई। इन संगठनों के कार्यकर्त्ता एवं सदस्य तिरंगा वालिंटियर्स के रूप में अपनी सेवायें देंगें। बैठक में तय किया गया कि सभी संगठन जिले के ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आम जनता में जागरूकता के लिए कार्य करेंगें और उन्हें राष्ट्रीय ध्वज का महत्व बतायेंगें। इस अभियान से सभी देशवासी को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का अवसर मिलेगा और अपने घर में तिरंगा फहराने से राष्ट्र के प्रति निजी जुड़ाव उत्पन्न होगा। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय ध्वज क्रय करने के लिए सभी नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

- पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव -

# धनबल और बाहुबल के शिकंजे में लोकतंत्र

अशोक तिवारी

**(प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान सभा)**

पंचायती राज कायम करने एवं स्थानीय स्वशासन की मजबूती के लिए संसद में 73 वां, 74 वां संशोधन 1992 में पारित किया गया। इन संशोधनों के 1993 में लागू करने के जरिए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सत्ता का विकेंद्रीकरण करके आम जनता के हाथों में सत्ता सौंपने का विनिश्चय किया गया। 5 वर्षों में स्थानीय संस्थाओं में निर्वाचन कराए जाने को बाध्यकारी बनाया गया। ग्राम सभाओं को सशक्त किया गया। अन्य शक्तियां भी पंचायतों को, जनपद तथा जिला पंचायतों को सौंपी गई। नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन को लागू करते हुए उनका सशक्तिकरण किया गया। हालांकि अभी भी यह सब अधूरा ही है। सन् 1957 में देश में पहली बार निर्वाचित कम्युनिस्ट सरकार ने केरल में पंचायती राज की अवधारणा प्रस्तुत की और उसे लागू किया। यहां तक कि राज्य सरकार का आधा बजट इन संस्थाओं को आवंटित किया गया। जिसे उनके व्दारा व्यय भी किया गया, जो निरंतर जारी रहा। इस मॉडल को देश में लागू करना तत्कालीन सरकारों के लिए मजबूरी बन गया। उससे ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विकास की नई अवधारणा प्रस्तुत हुई। अब इसे पलटने की तैयारी है।

**पंचायती राज एवं स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को उलटती भाजपा की सरकारें:** जनता को संविधान और लोकतंत्र के जरिए मिले अधिकारों को उलटने की कोशिशें भाजपा सरकारों द्वारा लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश मैं हुए पंचायत एवं स्थानीय चुनाव में नग्नता के साथ इसे प्रस्तुत किया गया है। लोग इसे भूल भी नहीं पाए है कि, इस बीच मध्यप्रदेश में भी पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों के चुनाव में धनबल और बाहुबल के जरिए लोकतंत्र को समाप्त करने की कोशिशें लगातार जारी है। वैसे तो स्थानीय निकायों के चुनाव मध्यप्रदेश में सन् 2019 में होने थे। जो नहीं कराए गए। बॉक्सः



**-सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से ही संभव हुए हैं स्थानीय निकायों के चुनाव :** पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के चुनावों को लगभग 8 वर्ष होने को है। अभी तक संवैधानिक बाध्यता के बावजूद चुनाव नहीं कराए जा रहे थे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद मजबूरन पंचायत और नगरी निकायों के चुनाव हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए तत्काल चुनाव कराने का निर्णय पारित किया। जिसके चलते चुनाव कराना संभव हुआ है। यह एक तरह से मजबूरी में कराए जा रहे चुनाव थे।

**अभ्यर्थी और प्रस्ताव को से भरवाए गए हैं बॉन्ड (मुचलके):** देश में पहली बार भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107-116 के अंतर्गत पंचायत और नगरीय निकायों में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावकों से बॉन्ड (मुचलके) भरवाए गए हैं। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई निर्देश नहीं दिया गया है। इसके बावजूद भी चंबल संभाग के भिंड और मुरैना जिलों में अभ्यर्थी और प्रस्तावकों से मुचलके, नगदी जमा कराए हैं। पंचायत चुनाव में सरपंच से 40,000 रूपए,जनपद सदस्य के अभ्यर्थी और प्रस्तावको से 60,000 रूपए, जिला पंचायत में 80,000 रूपए तथा नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद प्रत्याशियों से व प्रस्तावकों से 20,000 रूपए जमा कराए गए हैं। इस कार्यवाही में अपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों से बांड लिए जा सकते हैं। इन चुनावों में 50% महिलाएं आरक्षण के चलते प्रत्याशी हैं।

**चुनावों में धनबल और बाहुबल का प्रभाव रहा हावी, मुद्दे हुए गायब :** स्थानीय निकाय चुनावों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर धनबल और बाहुबल का प्रयोग हुआ है। यहां तक की पंचायतों में सरपंच पद के लिए भी करोड़ों रुपए बांटे गए हैं। इतने बड़े पैमाने पर नगदी वितरण पहली बार देखा गया है। इसके पीछे एक कारण यह भी था कि इन चुनावों में ग्रामीण और नगरीय विकास के मुद्दे पूरी तरह गायब रहे। पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव क्यों किसलिए इन पर कोई चर्चा, कोई संवाद आमतौर पर नहीं देखा गया। जातिगत संकीर्णतायें, धनबल और बाहुबल पूरे चुनाव में हावी रहे। यह बहुत ही अशुभ संकेत है।

**चुनाव नतीजों में हुई हेरा फेरी:** इन चुनावों में यह आम चर्चा का विषय है कि जिला पंचायत के चुनाव में मतगणना के बाद यहां तक कि तीन तीन दिन बाद तक राजनीतिक दखल के कारण परिणामों में हेरा फेरी देखी गई है।

## 5 लाख रुपए ले भागी 3 लुटेरी मंगेतर

### 3 भाइयों से तय हुआ रिश्ता, रस्म के नाम पर लड़कों के पीछे चलीं और हो गईं फरार



**इंदौर।** एक किसान परिवार को 3 लुटेरी दुल्हनों ने ठग लिया। परिवार के 3 बेटों को शादी के लिए लड़की नहीं मिल रही थी। उनका रिश्ता तय कराने वाले ने डेढ़-डेढ़ लाख रुपए मांगे। बात पक्की होने के बाद 3 लड़कियों से रिश्ता तय कर दिया गया। रिश्ता तय कराने वाले ने सगाई के दौरान एक रस्म निभाने को कहा। रस्म को निभाने के लिए जैसे ही लड़के और उनके रिश्तेदार आगे हुए, पीछे से तीनों दुल्हन और दलाल रुपए और जेवर लेकर भाग गए। घटना इंदौर के नजदीक सांवेर तहसील के ग्राम पंचोला की है। किसान जगदीश कुंवर सुनेर की शिकायत पर सांवेर पुलिस ने गणेश, महेश और सुंदर बाई के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जगदीश का कहना है कि आरोपियों ने उनसे 5 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। उनके दो बेटे लखन और प्रहलाद के साथ ही साढ़ू के बेटे जितेंद्र की शादी तय की थी। गणेश रिश्ता लेकर आया था। उसने बताया था कि बाणगंगा के दीपमाला ढाबे के पीछे मधु और तनु का गरीब परिवार है। आपके दोनों बेटों के लिए ये रिश्ता ठीक रहेगा। लखन की शादी मधु के साथ, प्रहलाद की तनु और जितेंद्र की शादी रेखा के साथ तय हुई। तीनों रिश्ते के बदले डेढ़-डेढ़ लाख रुपए लिए थे।

**डेढ़-डेढ़ लाख में तय हुआ रिश्ता**

गणेश ने महेश और सुंदरबाई को लड़कियों का रिश्तेदार बताया था। जगदीश ने उनसे मुलाकात की, जहां तीनों ने शादी के लिए 2-2 लाख रुपए की डिमांड की। डेढ़-डेढ़ लाख में बात पक्की हो गई। 7-8 जनवरी को दोनों बेटों की शादी होना थी।

## बलेपेट वडेर भवन में चातुर्मास सत्संग कार्यक्रम संपन्न हुआ

**पुष्पाजंली टुडे बेंगलूरू** –सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट वडेर भवन में चातुर्मास सत्संग कार्यक्रम संत रामप्रकाश महाराज द्वारा सम्पन्न हुआ। जिसमें बलेपेट वडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल, उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल, सचिव नारायणलाल लचेटा, कोषाअध्यक्ष सुजाराम राठौड़,लाबुराम बर्फा ,महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी, के उपस्थिति में संत रामप्रकाश महाराज का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया ।इसके बाद इस कार्यक्रम में महिला मंडल की महिलाओं ने भाग लिया



## विमल तिल्लासी बने ग्राम पंचायत अचानकपुर के सरपंच

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में समुचे मध्यप्रदेश में संपन्न हुए। जिसके परिणाम 14 जुलाई को घोषित कर विजेता प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिए गए। बिरसा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अचानकपुर में छ? प्रत्याशी सरपंच पद के उम्मीदवार रहे, जिसमें विमल तिल्लासी जनता का जनादेश मिला और वे 150 मत से विजय प्राप्त किए। विमल तिल्लासी ने कहा कि ग्राम का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता होगी। गई



## भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा के पति विद्याचरण शर्मा का निधन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा के पति विद्याचरण शर्मा का उनके गृह निवास वाटर वर्क्स भिंड में निधन हो गया वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे द्य भाजपा एवं भाजपा महिला मोर्चा ने उनके चरणों में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान की द्य विद्याचरण शर्मा मेहगांव इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल थे कुछ समय पूर्व भी वे शासकीय सेवा से मुक्त हुए थे



## अब प्ले स्कूलों को भी लेनी होगी मान्यता

**भोपाल।** नई शिक्षा नीति के तहत अब प्ले स्कूलों को भी मान्यता लेनी होगी। नियम इस सत्र से ही लागू है। जुलाई से सत्र शुरू भी हो चुका है, लेकिन अब तक कुछ ही प्ले स्कूलों ने ही मान्यता ली है। जबकि, करीब एक हजार से ज्यादा स्कूल बिना मान्यता के ही शहर में संचालित हो रहे हैं। नई शिक्षा नीति के तहत गली-मोहल्ले में खुले प्ले स्कूलों को माध्यमिक स्कूलों की तरह नियमों का पालन करना होगा।भवन से लेकर हर सुविधा की गाइडलाइन तय है। स्कूल के लिए महिला बाल विकास विभाग से मान्यता लेनी होगी।

## अम्बाह पीएचई के हेडपम्प टेक्नीसियल शिबचरण शर्मा जी को सेवा निबृत्ति होने पर बिदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

### नम आंखों से पीएचई स्टाफ ने दी भावभीनी बिदाई

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अम्बाह पीएचई मे टैक्नीसियल पद पर रहे शिबचरण शर्मा को आज पीएचई बिभाग ने बडे ही सम्मान के साथ माल्यार्पण व स्वाफा पहनाकर व शॉल श्रीफल देकर बिदाई किया उनकी प्रत्येक बात आज खास दिखी पहली पोस्टिग अम्बाह की थी और रिटार्यड भी अम्बाह से हुऐ पीएचई में 30 बर्ष से कमान सभाले हुऐ श तब से लेकर आज तक अम्बाह मैं उनका कार्यकाल सफल रहा उनके बिदाई अबसर पर मुरैना से राज्य सेवा कर्मचारी संघ व मजदूर मण्डल के अध्यक्ष मोजूद थे




जिसमे राज्य कर्मचारी पेन्सिल सेवा के अध्यक्ष नीलेश शर्मा ने कहा कि श्री शर्मा जी बहुत ही नेक इंसान अडियल ब्यक्ति है वह कर्मचारी संघ मुरेना मे अध्यक्ष रहकर स्टॉप हित में लडाई रहे है मुरैना हो या भोपाल धरना या मीटिग मे 15 आदमी आबश्यकता तो अकेले अम्बाह क्षेत्र से आदमी उपलबध मिलते और टाइम के बडे ही पाबन्द ब्यक्ति थे चार बजे बुलाया तीन बजे ही उपलब्ध होजाते यह उनकी बिषेशताये रही कर्तव्यनिष्ठा व अपनी ड्यूटी का भरपूर फर्ज निभाया है। आज उनके सभी स्टाप एवं क्षेत्रवासियों की आंखें नम हो गई और उनकी और उनके बिदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें अपने नौकरी काल मे कार्य ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठता से किया सभी ने फूल माला शॉल एवं श्रीफल व मिठाई खिलाकर खुशी खुशी बिदाई दी ।कार्यक्रम में जन समूह को सम्बोधित करते हुए एसडीओ दिनेश शर्मा ने कहा कि ब्यक्ति की कार्य करने की अलग पहचान होती है हमे उस ब्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी महसूस होती है मैने जो जिम्मेदारी दी उसका वही की वही जिम्मैदारी से काम किया। और अम्बाह वासियों व क्षेत्र वासियों को उनकी हमेशा याद आती रहेगी श्री दिनेश शर्मा जीने जिन्दगी की न टूटे लडी प्यार करले घडी दो घडी मुत्तक गाकर पण्डाल मे पाण्डाल में बैठे महानुभावो का दिल जीत लिया

## दोहरी हत्या करने वाले अभियुक्तगणों को आजीवन कारावास एवं 6-6 हजार का अर्थदंड

**मोनू बाथम**

**गोहद**–अपर लोक अभियोजक श्री के,सी0 उपाध्याय के अनुसार पूरन सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश गोहद जिला भिण्ड द्वारा प्र0क0 376 / 2015 एसटी म0प्र0 राज्य द्वारा आरक्षी केन्द्र गोहद विरुद्ध तुलाराम आदि में आज दिनांक 15.07-2022 को आरोपीगण 1. तुलाराम पुत्र मिट्ठूलाल कुशवाहा उम्र 67 वर्ष, 2. भूप सिंह पुत्र हाकिम सिंह गुर्जर उम्र 45 वर्ष, 3. सुनील गुर्जर पुत्र शंकर सिंह गुर्जर उम्र 20 वर्ष, 4. भान सिंह पुत्र अमर सिंह गुर्जर उम्र 59 वर्ष, समस्त निवासीगण ग्राम भ्यानी थाना गोहद जिला भिण्ड (म0प्र0) को धारा 302/149 (2 काउण्ट्स ) भादवि मे दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं दो-दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन प्रकरण में प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26.04.2015 को सुबह 09.30 बजे फरियादी वकील सिंह अपने भतीजे बृजेश के साथ घर पर बैठा था तभी बृजेश के मोबाईल पर फोन आया कि अतर सिंह, रामवरन, गंधर्व व मुनेश घिर गये हैं, तब फरियादी तथा उसका भतीजा बृजेश गंधर्व के हार में पहुचे और उसी समय सालिगराम भी पहुंच गया था। उस समय फरियादी ने देखा कि गांव के भान सिंह माउजर बंदूक लिये, भूप सिंह 12 बोर बंदूक लिये, राजेन्द्र सिंह 12 बोर इकनाली बंदूक लिये, राजू दुनाली बंदूक लिये, सुनील फर्सा लिये. दीपू लुहांगी लिये, उमाशंकर 12 बोर बंदूक लिये, तुलाराम लाठी लिये, कैलाश 12 बोर बंदूक लिये, मनीराम शर्मा बंदूक लिये एक राय होकर गाली दे रहे थे कि तुमने पंचायती चुनाव में उनसे वादा खिलाफी की है, उनके कहे अनुसार वोट नहीं दिये और लाठी-डण्डो से मारपीट कर रहे थे। फरियादी दौड़कर पहुंचा और कहा कि उसका प्रत्याशी तो हार गया है, अब क्यों झगड़ा कर रहे हो, लेकिन वे उसी रंजिश के कारण नहीं माने और बंदूकों से फायर करना शुरू कर दिया। अभियुक्त भान सिंह ने गंधर्व को गोली मारी, भूप सिंह ने भी गंधर्व को बंदूक ज्मारी एवं सुनील ने गंधर्व के सिर में फर्सा मारा, अभियुक्त राजेन्द्र व राजू ने अतर सिंह को लाठियां मारी। अभियुक्तगण सुनील, दीपू व तुलाराम ने मुनेश, अतर सिंह, रामवरन की लाठी डण्डो से मारपीट की तथा अभियुक्त दीपू ने फरियादी को लुहांगी मारी। गंधर्व व मुनेश घायल होकर वहीं गिर पड़े। गंधर्व सिंह के सिर में फर्सा लगने व गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी ने गांव वालों को बचाने के लिये ऐरा दिया (आवाज लगाई) और बंदूक की आवाज सुनकर सालिगराम गुर्जर, तोताराम जाटव आदि लोग आ गये तो सभी लोग भाग गये। इसके पश्चात फरियादी सभी घायलों को टाटा मैजिक गाड़ी में रखकर थाना गोहद लाये तो ज्यादा गंभीर होने के कारण तत्काल ही पुलिस के साथ गोहद अस्पताल लेकर आये, जहां इलाज शुरू होने पर आहत गंधर्व को इलाज हेतु ग्वालियर रैफर करने के दौरान ही खत्म हो गया। अभियुक्तगण ने पुरानी रंजिश पर से जान से मारने की नियत से फायर कर लाठी डण्डों से मारपीट कर गंधर्व की हत्या कर दी है। फरियादी द्वारा उक्त घटना के संबंध में लेख कराई गई देहाती नालिशी रिपोर्ट क्रमांक-0/15 अंतर्गत धारा 302, 307, 147, 148, 149, 294, भा0द0सं0 एवं 25, 27 आयुध अधिनियम के आधार पर थाना गोहद में अपराध क्रमांक-110/2015 पंजीबद्ध किया गया। बाद विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विवारण उपरान्त उक्त आरोपी को दोषी मानते हुए दण्डित किया गया समस्त जानकारी अपरलोक अभियोजक केही उपाध्याय ने दी

## प्रदेश में कोरोना के 159 मरीज मिले

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण का दायरा धीरे-धीरे फिर बढ़ने लगा है। बीते लगातार दो दिन से प्रदेश में कोरोना के नए मरीजों की संख्या 150 से ऊपर बनी हुई है, वहीं सक्रिय मरीजों का आंकड़ा भी बढ़कर 900 के पार पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार बुधवार को प्रदेश में कोरोना के 159 नए मरीज मिले हैं। कुल 7643 सैंपल की जांच में इतने मरीज सामने आए हैं। इस तरह संक्रमण दर 2.08 फीसदी रही। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या 928 हो गई है। इसके पहले मंगलवार को 7298 सैंपलों की जांच में 171 मरीज मिले थे। वहीं सोमवार को 5157 सैंपलों की जांच में 116 मरीज मिले थे।

## स्ट्रांग रूम पर अफवाहों के चलते लगी भीड़ एसडीएम की समझाइश पर माने प्रत्याशी

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -महर्षि अरविंद महाविद्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम के लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के लिए यूपीएस लगाए जाने पर कुछ लोगों में भ्रांति फैल गई जिससे लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और अधिकारियों को मौके पर बुलाया अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों की बातों को सुना और उनका निराकरण किया जिसमें स्ट्रांग रूम के बाहर बड़ी एलसीडी लगाने के लिए निगरानी के लिए कुछ व्यक्तियों की परमिशन महाविद्यालय में चल रहे



निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग रखी निर्माण कार्य और परमिशन के बारे में विचार विमर्श करने की बात रखी जिस पर सभी लोग मान गए और वापस अपने घर चले

## राजस्व मंडल में सेवानिवृत्त न्यायाधीश पाटिल सदस्य नियुक्त, अब कोरम पूरा

**भोपाल।** मप्र में ठप पड़ा राजस्व मंडल अब छह माह बाद फिर काम काज शुरू करेगा। गुरुवार को राजस्व विभाग ने सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश सागर भाउराव पाटिल को मंडल के नए सदस्य के रूप में नियुक्त कर दिया। इस संबंध में राजस्व विभाग के अवर सचिव सुमन रायकवार ने आदेश जारी किए हैं। अब अध्यक्ष,एक प्रशासनिक सदस्य और एक सदस्य का कोरम पूरा होने के बाद सुनवाई शुरू हो जाएंगी। दिसंबर 2021 से सदस्य की कुर्सी खाली होने के कारण कोई काम नहीं हो पा रहा था। जल्द ही नए सदस्य ज्वाइन करेंगे।

दिसंबर माह के बाद से सदस्य पद खाली है जिस कारण राजस्व मंडल में सुनवाई नहीं हो रही है सिर्फ तारीख पर तारीख आगे बढ़ रही हैं।

## माध्यमिक शाला मानेगांव में वृक्षारोपण के साथ कानूनी साक्षरता शिविर संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट ।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में ''पंच-ज योजना'' के अधीन शास. माध्यमिक शाला मानेगांव, बालाघाट में दिनांक 14 जुलाई 2022 को दोपहर 12.30 बजे कानूनी साक्षरता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव आसिफ अब्दुल्लाह द्वारा बच्चों को सविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देकर उनसे प्रश्न पूछे गये। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा कार्यालय में संचालित निःशुल्क अधिवक्ता योजना की जानकारी दी गयी और बच्चों से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव आसिफ अब्दुल्लाह तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय द्वारा अशोक, आंवला, पुत्रजीवा, सिन्दूर, मुनगा, प्रजाति के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश नारायण मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता कमर सुल्ताना, सुरेश कुमार बिजेवार, शिक्षिका हेमेन्द्री चौधरी के साथ-साथ छाया मेश्राम, दिव्या भगत आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योजनाओं के पम्पलेट्स वितरित किये गये।




एमपी से करें रामेश्वरम् से कन्याकुमारी की यात्रा

## IRCTC 54 हजार में दक्षिण भारत घुमाएगी, पहले बुकिंग करें, 10% डिस्काउंट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश से दक्षिण भारत की यात्रा पर जाने की इच्छा रखने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। इंडियन रेलवे भारत गौरव यात्रा ट्रेन चलाने जा रहा है। मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, बीना और इटारसी से बुकिंग की जाएगी। रामेश्वरम् से लेकर कन्याकुमारी तक AC ट्रेन से यात्रा कराई जाएगी। 9 अगस्त को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से ट्रेन 13 दिनों के साउथ इंडिया टूर पर रवाना होगी। ट्रेन को 'भारत गौरव' एसी पर्यटक ट्रेन नाम दिया है।

इसके लिए भोपाल के साथ ही मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी, बीना, इटारसी व नागपुर से भी यात्री इसमें सवार हो सकेंगे। इसके लिए प्रति यात्री करीब 54 हजार रुपए लिए जाएंगे। पहली 100 बुकिंग कराने वाले यात्रियों को 10% की छूट दी जाएगी।



इसके साथ ही सबसे लोकप्रिय श्री रामायण यात्रा भी 24 अगस्त को दोबारा कराई जाएगी।

**यहां-यहां की यात्रा कराई जाएगी**

दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक व विरासत स्थल हैदराबाद, रामेश्वरम्, मदुरै, कन्याकुमारी, तंजौर, महाबलीपुरम्, कांचीपुरम् और श्रीसेलम (मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग) का भ्रमण यात्रा कार्यक्रम में शामिल है। यहां के सभी महत्वपूर्ण मंदिरों व स्मारकों का भ्रमण व दर्शन कराया जाएगा। ट्रेन में थर्ड एसी के 10 कोच होंगे, जिसमें 600 यात्री यात्रा कर सकेंगे।

**यहां घुमाया जाएगा**

ट्रेन दिल्ली से रवाना होकर तीसरे दिन हैदराबाद पहुंचेगी। यहां गोलकुंडा फोर्ट, चार मीनार, बिरला मंदिर व नवनिर्मित श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी की विशाल प्रतिमा (स्टैच्यु ऑफ इक्वालिटी) का भ्रमण कराया जाएगा।

■ हैदराबाद में दो दिनों के टूर के बाद ट्रेन रामेश्वरम् पहुंचेगी। यहां पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुषकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा।

■ रामेश्वरम् से अगले दिन यह ट्रेन मदुरै के लिए प्रस्थान करेगी। प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर घुमाया जाएगा।

## आरटीई: 34 हजार बच्चों को नहीं मिला स्कूलों में प्रवेश

### 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए निकाली गई ऑनलाइन लाटरी

**भोपाल।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रदेश के 26 हजार 666 निजी स्कूलों में दो लाख 78 हजार 130 सीटों के लिए दो लाख 1252 आवेदन आए थे। इनमें एक लाख 73 हजार 725 विद्यार्थी पात्र थे। आनलाइन लाटरी के माध्यम से एक लाख 39 हजार 725 बच्चों को प्रवेश मिला है, जबकि 34 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित हो गए। प्रदेश के निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए गुरुवार को आनलाइन लाटरी निकाली गई। प्रवेश वंचित छात्र अब दूसरी बार लाटरी प्रक्रिया में शामिल होंगे। अधिकारियों का कहना है कि अभिभावक बड़े स्कूलों का नाम अधिक आवेदन कर देते हैं। आरटीई के तहत हर साल प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या में कमी आ रही है।

# प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं को बताईं गणना संबंधी बारीकियां





## नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022
## बाल भवन में दिया गया प्रशिक्षण

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतगणना कार्यक्रम के तहत 17 जुलाई को प्रातः 9 बजे निर्वाचन कर्तव्य मत पत्रों की गिनती शुरू होगी। इसके आधा घंटे बाद ईवीएम की कंट्रोल यूनिट में दर्ज मतों की गिनती शुरू की जायेगी।

मतगणना से संबंधित यह बातें ग्वालियर नगर निगम में महापौर एवं विभिन्न वार्डों के पार्षद का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों एवं उनके मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान बताई गईं। साथ ही मतगणना के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर ताकीद किया गया कि सभी मतगणना अभिकर्ता मतगणना हॉल के अंदर अपने निर्धारित स्थान पर बैठें और आयोग के निर्देशों का पालन करें। निर्देशों की अवहेलना पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही स्पष्ट किया कि सभी की शंकाओं का तत्समय संबंधित एआरओ द्वारा समाधान किया जायेगा। मतगणना के संबंध में अंतिम निर्णय रिटर्निंग ऑफीसर और निर्वाचन प्रेक्षक का रहेगा।

शुक्रवार को यहाँ बाल भवन में दो सत्रों में मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। पहले सत्र में महापौर पद के प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद पार्षद पद के प्रत्याशियों के गणना अभिकर्ताओं को मतगणना संबंधी बारीकियाँ सिखाई गईं। निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र किन त्रुटियों के कारण निरस्त होगा और कब वैध माना जायेगा। ये सभी बातें भी प्रशिक्षण के दौरान मतगणना अभिकर्ताओं को बताई गईं। ग्वालियर नगर निगम के सभी वार्डों के एआरओ व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### मोबाइल फोन, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू इत्यादि प्रतिबंधित रहेंगे

मतगणना परिसर में मोबाइल फोन, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, तम्बाकू व खाद्य पदार्थ प्रतिबंधित रहेंगे। दोनों प्रवेश द्वारों पर व्यक्तिशः इसकी सघन जाँच की जायेगी। सभी अभिकर्ताओं से कहा गया कि वे गणना के दिन उक्त सामग्री लेकर न आएं।

## महावीर स्वामी ने इस जगत को संस्कार और सम्मान के शब्दों से अलंकृत किया है : जैन मुनिश्री

**पुलक सागर के चातुर्मास में सम्मिलित होने के लिए जत्था रवाना हुआ।**

ग्वालियर। आज ही के दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की दिव्य देशना हुई थी। महावीर स्वामी का धर्म मानववादी नहीं प्राणीवादी है। महावीर स्वामी ने इस जगत को संस्कार और सम्मान के शब्दों से अलंकृत किया है। महावीर स्वामी की दिव्य वाणी ही है जिसकी बदौलत संस्कारों को सम्मान और पूजनीय स्थान मिलता है। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज शुक्रवार को साधनमय बर्षयोग संमिति व पुलक मंच परिवार ग्वालियर की ओर से वीर शासन जयंती पर माधवगंज स्थित चतुर्मास सभागार में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि भगवान महावीर का धर्म मजबूरी का नहीं मजबूती का है। जो धर्म को मजबूरी में पालन करता है, वो मजदूर बनता है। जो धर्म को मजबूती से पालन करता है, वह आगे चलकर महावीर बनता है। हम महावीर को तो मानते हैं पर उनकी नहीं मानते है। उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर ही हम अपना कल्याण कर सकते हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य को जीवन में अपनाएं। महावीर ने केवल जैन जाति को नहीं जातिवादी को नहीं अपितु सर्वधर्म को उपदेश दिया।

# जिला पंचायत के सभी वार्डों के परिणाम घोषित

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए



ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिये घोषित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले की जिला पंचायत के सभी 13 वार्डों के परिणाम शुक्रवार 15 जुलाई को घोषित किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने वार्डवार सारणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए । साथ ही विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। जो प्रत्याशी प्रमाण-पत्र लेने नहीं आ सके हैं वे जिला पंचायत से अपने प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक -1 से श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह विजयी रही हैं। वार्ड-2 से श्रीमती माया भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, वार्ड-3 से श्रीमती दुर्गेश कुँबर सिंह, वार्ड-4 से श्रीमती पिंकी शिवराज यादव, वार्ड-5 से श्रीमती आशा भूरी जसवंत सिंह झाला, वार्ड-6 से श्रीमती मंदे बाई, वार्ड-7 से श्रीमती नेहा परिहार, वार्ड-8 से श्री आजाद सूर्यभान सिंह रावत, वार्ड-9 से श्रीमती मंजू खटीक, वार्ड-10 से श्रीमती अंजू आलोक शर्मा, वार्ड-11 से श्री जितेन्द्र सिंह रावत (ईटमा), वार्ड-12 से श्री केशव सिंह बघेल एवं वार्ड-13 से श्री अनूप सिंह कुशवाह अमरौल ने विजय हासिल की है।

जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणाम की घोषणा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले व श्री एच बी शर्मा, एसडीएम मुरार श्री अशोक चौहान एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# निगमायुक्त श्री कन्याल ने क्षेत्र भ्रमण कर देखा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों को, दिये आवशयक दिशा निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शहर में चल रहे निर्माण कार्य एवं साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री श्री जे.पी. पारा, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल भी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत आने वाले 7 नंबर चैराहा के पास बनी आदर्श आंगनवाड़ी पर बनने वाली पार्क स्थल का ओचक निरीक्षण किया। जंहा अव्यवस्था मिलने पर क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ को फटकार लगाई। इसके साथ ही आंगनवाड़ी के बाहर सड़क पर भैंस बांधने व गंदगी मिलने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने नव निर्मित सड़को का निरीक्षण अपने अधीनस्थ अधिकारियों से साथ किया, इस दौरान जंहा भी कमियां पाई गई। वहां सड़क बनाने ठेकेदार को बुला कर तुरन्त सभी कमियां दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सडके निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किया जाए। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने अमृत योजना के तहत बनाई जा रही पानी की टंकियों के निर्माण कार्य को देखा। जिसमें शब्द प्रताप आश्रम के पास किला तलहटी के पास बनी पानी की टंकी एवं हुजरात कोतवाली में बन रही पानी की टंकी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# शराब की दुकान पर बिना अनुमति के हंटर कंपनी का अवैध होर्डिंग लगाने पर लगाया 13 लाख रूपये का जुर्माना




ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा श्री रणधीर सिंह, श्री अजय सिंह, श्री रंजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह पता अंग्रेजी शराब दुकान हीरो बाईक, शोरूम के पास सिटी सेंटर लश्कर ग्वालियर के स्वामित्व की दुकान जिसमें वर्तमान में शराब दुकान संचालित है उसमें बिना अनुमति के अवैध रूप से होर्डिंग लगाकर विज्ञापन किये जाने पर 13 लाख 8 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है।

सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता एवं उपायुक्त श्री सुनील चौहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चौहान के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत श्री रणधीर सिंह, श्री अजय सिंह, श्री रंजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह द्वारा अंग्रेजी शराब दुकान हीरो बाईक, शोरूम के पास सिटी सेंटर लश्कर ग्वालियर बिना अनुमति के होर्डिंग लगाकर विज्ञापन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 के अंतर्गत अपराध कारित करने की श्रेणी में आता है। अतः श्री रणधीर सिंह, श्री अजय सिंह, श्री रंजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह पर 13 लाख 8 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है तथा संबंधित को जारी नोटिस में निर्देश दिये गए हैं यहि सात दिवस के अंदर जुर्माने की राशि जमा नहीं की जाती है। तो 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी वसूल किया जाएगा।

## निगम प्रशासक श्री सक्सैना ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिये आवशयक दिशा निर्देश

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने आज शुक्रवार को निगम अधिकारियों की बैठक लेकर निगम द्वारा किये जा रहे विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा आवशयक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा सहित निगम के अन्य सभी अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में निगम प्रशासक श्री सक्सैना ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जाए तथा आमजनों को इसके प्रति जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं। इसके साथ ही जो लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण एवं विक्रय करते हुए पाये जाएं उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए। इसके साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिये सभी को प्रेरित किया तथा सभी अधिकारियों को निर्देश भी दिये कि ग्वालियर को स्वच्छता में अव्वल बनाना है तो हम सभी को निरंतर मिलकर प्रयास करने होगें।

# संक्षिप्त समाचार

## 6 प्रतिशत छूट के साथ संपत्तिकर जमा करने के लिये समय दिया जायः कैट

ग्वालियर । कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने पत्र लिखकर आयुक्त नगर निगम ग्वालियर श्री किशोर कन्याल जी से निवेदन किया है कि संपत्तिकर 6 प्रतिशत छूट के साथ जमा किये जाने हेतु समय दिया जाय। पूर्व में इसकी तिथि 30 जून 2022 थी किन्तु नगर निगम के चुनाव होने के कारण अधिकांश संपत्तिकर अधिकारी एवं कर्मचारियों की डयूटी चुनाव में होने के कारण इस तिथि का लाभ व्यापारी और आमजन को नहीं हो पाया। उन्होंने दूरभाष पर भी आयुक्त नगर निगम ग्वालियर से कहा है कि इसकी तिथि बढाये जाने से न सिर्फ व्यापारी एवं शहर वासियों को लाभ होगा बल्कि नगर निगम ग्वालियर को भी लाभ होगा क्योंकि उनका राजस्व एकत्रित होगा। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने अपेक्षा व्यक्त है कि जनहित एवं नगर निगम हित को देखते हुये आयुक्त उचित निर्णय करेंगे।

## शहर को हरा-भरा बनाये रखने रोपे पौधे

ग्वालियर। ग्वालियर शहर को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन निगम के पार्क विभाग द्वारा पौधारोपण का अभियान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हमें अपने शहर को हरा भरा रखने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। इसलिये पौधारोपण के इस महा अभियान में शहर के नागरिक भी जुडकर सहयोग कर सकते हैं। आज हजीरा थाना से चार शहर नाका डिवाइडर पर गेफ फिलिंग का कार्य कर कनेर के 100 पौधे लगाये गए। इसके साथ ही गांधी रोड़ जालियो में लगे पौधों में बाल्टियों से पानी देने का कार्य किया गया एवं विजय नगर पार्क की कटाई छटाई एवं मशीन चलवाई गई।

## 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किये गए वायु गुणवत्ता मूल्यांकन में म.प्र. में सर्वाधिक ग्वालियर में सुधार

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में किये गए बेहतर प्रयासों के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार आने के चलते भारत सरकार के 15वें वित्त आयोग द्वारा ग्वालियर को वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवंटित राशि का 75 प्रतिशत 20.25 करोड ग्रांट मिलेगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्वालियर शहर को देश का स्वच्छतम शहर बनाने के लिये निरंतर किये जा रहे प्रयासों के तहत शहर की सडकों को डस्ट फ्री बनाया गया, एण्ड टू एण्ड तक पेवर टाइल्स लगवाये तथा शहर में विभिन्न स्थानों पर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से ट्रीटेड कर उसका पुर्नउपयोग किया गया। इसके साथ ही अन्य कई कार्य किये गए। इसी दौरान भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार हेतु कराए गए मूल्यांकन ( पीएम-10 के स्तर में कमी एवं गुड डेज की संख्या में वृद्धि ) के आधार पर कराया है जिसमें पाया गया, कि मध्य प्रदेश में सर्वाधिक ग्वालियर में पीएम-10 के स्तर में 13 प्रतिशत का सुधार हुआ है। जबकि प्रदेश के अन्य सभी शहर भोपाल (-1 प्रतिशत), इंदौर (-7 प्रतिशत) एवं जबलपुर (-10 प्रतिशत) में पीएम-10 के स्तर में सुधार नहीं पाया गया है । इसके अतिरिक्त सभी शहरों में गुड डेज की संख्या 100 प्रतिशत रही है । पूर्व वित्तीय वर्ष में ग्वालियर को आवंटित राशि का 25 प्रतिशत ही मिला था, किंतु उक्त सुधार होने से वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवंटित राशि का 75 प्रतिशत (20.25 करोड) ग्रांट मिलेगा।

## प्रकाशवीर और आदित्य का कैट ने किया सम्मान



ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं श्रीमती शोभा सिकरवार के पुत्र प्रकाशवीर शर्मा एवं आदित्य सिंह सिकरवार का सम्मान होटल सेन्ट्रल पार्क में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने दोनों का सम्मान करते हुए कहा कि दोनों ही युवा हमारी तीसरी पीढ़ी के राजनीति में सक्रियता से काम करने वाले युवा हैं और दोनों ने ही अपनी माँ के साथ बड़ी शालीनता से यह चुनाव लड़ा। परिणाम जो भी आयेंगे लेकिन ग्वालियर नगर में सामाजिक क्षेत्र में दोनों का योगदान सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत मुरैना के उपाध्यक्ष रहे श्री वृन्दावन सिंह सिकरवार ने बताया कि मेरे बड़े भाई श्री गिर्राज सिंह सिकरवार एवं पूर्व विधायक स्व. डॉ. धर्मवीर जी का राजनीतिक जीवन लगभग एक समान विचाराधारा का रहा और मैं डॉ. धर्मवीर के परिवार का आभारी हूं और उनका धन्यवाद भी मानता हूं कि ये चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से और सौहार्दभाव से हमारे और उनके परिवार के बीच हुआ। उन्होंने अपने परिवार की ओर से कैट का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रकाशवीर शर्मा ने कहा कि मैं अपनी पूज्यनीय माँ की ओर से विश्वास दिलाता हूं कि 17 तारीख को यदि उन्हें मौका मिला तो आप लोगों से सुझाव लेकर व्यापारिक हितों के लिए और नगर के उत्थान के लिए एक अच्छी महापौर के रूप में कार्य करेंगी। कैट पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आदित्य सिंह सिकरवार ने कहा कि उनकी आयु भले ही कम है लेकिन 2013 में उन्होंने अपने चाचा जी का चुनाव सुमावली से लड़ा, 2018 और 2020 में अपने पूज्य पिताजी का चुनाव लड़ा और अब ये चौथा चुनाव था।

## बंदी किन्ना उर्फ कृष्णा जैन की मृत्यु की न्यायिक जाँच के सिलसिले में साक्ष्य माँगे

ग्वालियर। थाना जनकगंज जिला ग्वालियर के बंदी किन्ना उर्फ कृष्णा जैन की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच की जा रही है। जांचकर्ता अधिकारी / जेएमएफसी श्रीमती सरोज बाला मुजाल्दा के न्यायालय द्वारा यह जाँच की जा रही है। इस संबंध में 23 जुलाई तक साक्ष्य माँगे गए हैं। जनकगंज थाना जिला ग्वालियर के बंदी किन्ना उर्फ कृष्णा जैन पुत्र शैलन्द्र जैन आयु 21 वर्ष निवासी नवग्रह कॉलोनी सेक्टर नं.-1 गोल पहाड़िया जिला ग्वालियर की गत 20 मई 2022 को प्रातः लगभग 6.30 बजे जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 23 जुलाई 2022 तक प्रातः 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर स्थित जांचकर्ता अधिकारी / जेएमएफसी श्रीमती सरोज बाला मुजाल्दा के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। साक्ष्य प्रस्तुत करने की अवधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478